चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 305, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 05 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की आंधी ने तीन राज्यों में किया कांग्रेस का सफाया : शाह

**लखनऊ**

**रविवार** को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की आंधी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस का सफाया कर दिया है। शाह ने कहा कि, पिछले 9 साल में मोदी सरकार की उपलब्धियों के कारण आज जनता के दिल में सिर्फ और सिर्फ मोदी जी बसे हुए हैं। आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बाँटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस पर वोट देता है। शाह ने इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को नमन करते हुए कहा कि, भाजपा की इस भव्य विजय पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने वीरभूमि राजस्थान की जनता और पार्टी के सभी कार्यकताओं का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा को शानदार जीत का आशीर्वाद देने के लिए राजस्थान की जनता और पार्टी के कार्यकताओं का अभिनंदन करता हूँ। यह जीत मोदी जी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है। प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर भाजपा को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए शाह ने कहा कि, मध्य प्रदेश की यह प्रचंड जीत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। शाह ने छत्तीसगढ़ में विशाल जीत के लिए प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के जनजातीय, गरीब और किसान बहनों-भाइयों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर अपना विश्वास जताकर भाजपा को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्साहवर्धक समर्थन के लिए तेलंगाना की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा तेलंगाना के विकास की दिशा में काम करना जारी रखेगी।

# 'लोकसभा चुनाव के लिए मेहनत करने की जरूरत'

## चार राज्यों के नतीजों का असर आईएनडीआईए गठबंधन पर नहीं पड़ेगा, भले ही भाजपा ने चार में से तीन राज्यों में जीत हासिल की: विपक्ष

**नई दिल्ली**

विपक्ष के नेताओं ने सोमवार को कहा कि चार राज्यों के नतीजों का असर आईएनडीआईए गठबंधन पर नहीं पड़ेगा, भले ही भाजपा ने चार में से तीन राज्यों में जीत हासिल की है। मगर उन्होंने इतना जरूर कहा कि विपक्षी दलों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भाजपा ने रविवार आए चुनावी नतीजों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की है। जबकि, कांग्रेस तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (इफ्र) को मात देकर सरकार बनाने में कामयाब रही।

**भाजपा ने हिंदी बेल्ट में अपनी पकड़ और मजबूत की**

भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त देकर हिंदी बेल्ट में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। इससे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए माहौल तैयार हो गया है, जिससे उनको चुनाव में मदद मिलेगी।

**गठबंधन को और ज्यादा मेहनत करनी होगी- फारूक**

वहीं, चुनावी नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन की पार्टियों को और ज्यादा मेहनत करनी होगी। चुनाव के नतीजों और गठबंधन पर इसके होने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "इससे गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमें और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।"

**चुनावों में जीत और हार होती रहती है- फारूक अब्दुल्ला**

जम्मू-कशमीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि चुनावों में जीत और हार होती रहती है। हमें हार के साथ-साथ जीतने वालों से भी सीखना चाहिए। भारत को एक होना है, यह सभी के लिए है और हमें देश को मजबूत करने की जरूरत है।



## आरजेडी ने भी कहा कोई असर नहीं पड़ेगा

**मध्य प्रदेश** में उम्मीदवारों की घोषणा करते समय कांग्रेस द्वारा समाजवादी पार्टी को सम्मान नहीं किए जाने और परिणामों पर प्रभाव के बारे में अब्दुल्ला ने कहा, "सभी को शामिल करना होगा और हमें आगे बढ़ना होगा।" इस बीच राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) के राज्य सभा सासंद मनोज झा ने भी कहा कि राज्यों के चुनावी नतीजों का गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी इस बात पर आत्ममंथन करेगी कि चुनाव में हमसे क्या गलत हुआ। उन्होंने कहा कि परिणामों का असर विपक्षी गठबंधन पर नहीं पड़ेगा।

## 'वो इंडिया गठबंधन ब्लॉक नहीं, डैश-डॉट ब्लॉक है'

**नई दिल्ली**

**छत्तीसगढ़, मध्य** प्रदेश और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत प्रचंड जीत के बाद केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार है।

**'विपक्षी गठबंधन डैश-डॉट्स ब्लॉक'**

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को 'डैश-डॉट्स ब्लॉक' करार दिया। लेखी ने कहा, "पीएम मोदी का




जादू जारी है और नतीजा सबके सामने है। वे कठ.ऊकअ ब्लॉक नहीं हैं, वे डैश-डॉट ब्लॉक हैं। जब नीति और विश्वास सही नहीं होते हैं, तो दुनिया देखती है और मतदाता भी देखते हैं।"

**दुनियाभर के लोग पीएम मोदी के साथ आए**

इस बीच, तिजारा विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए भाजपा सांसद योगी बालकनाथ ने कहा कि तीन राज्यों के चुनावों में भाजपा की जीत ने संकेत दिया है कि दुनिया भर के लोग पीएम मोदी की सराहना कर रहे हैं। बालकनाथ ने कहा, "मध्य प्रदेश और गुजरात की तरह, भाजपा लंबे समय तक राजस्थान में रहेगी और राज्य के लोगों की सेवा करेगी। दुनिया भर के लोग पीएम मोदी के साथ आए हैं और उन्हें भारत को एक विकसित देश बनाने में मदद करेंगे। मैं भी ऐसा करूंगा और हमेशा पार्टी के लिए काम करूंगा।"

## भाजपा की जीत के बाद बदले मुस्लिम नेता के सुर, कहा- तीसरी बार भी मोदी ही बनेंगे प्रधानमंत्री



**गुवाहाटी।**

**तीन** राज्यों में बहुमत के साथ भाजपा को मिली जीत के बाद ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के सुर बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत ने साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

**'नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री'**

नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अजमल ने सोमवार को मीडिया से कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि भाजपा राज्य चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, "मैंने सोचा था कि कांग्रेस कम से कम तीन राज्यों में तो जीत हासिल करेगी। अगर हम नतीजों पर नजर डालें तो यह स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।"

**कांग्रेस पार्टी पर लगाया आरोप**

अजमल ने असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा की भी आलोचना करते हुए कहा, "उनके पास असम में पार्टी का नेतृत्व करने की कोई क्षमता नहीं है। उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।" अजमल ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश नेताओं पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। अजमल ने कहा, "असम में कांग्रेस पार्टी बीजेपी की ए टीम बन गई है।" नेताओं को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को बेच दिया गया है। अजमल अगले आम चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहते थे, लेकिन असम कांग्रेस नेतृत्व के कड़े प्रतिरोध के कारण, अक्ब्रत्रऋ को विपक्षी कठ.ऊकअ ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया।

## इंडिया गठबंधन के भविष्य को लेकर कहा हम निराश नहीं: अखिलेश

**वाराणसी**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में बीजेपी की जीत और इंडिया गठबंधन के भविष्य को लेकर कहा हम निराश नहीं हैं। लोकतंत्र में ऐसे नतीजे आते रहते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि 'सबका साथ विकास और सबका विकास' हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये एक लंबी लड़ाई है। अगर हमें बीजेपी जैसी पार्टी से लड़ना है तो हमें अनुशासन के साथ उनका सामना करना होगा।



मुझे उम्मीद है कि भविष्य में परिणाम अलग होंगे। कांग्रेस से गठबंधन के सवाल पर कहा मध्य प्रदेश परिस्थियां अलग थीं, वहीं बात नहीं बन पाई। लोकसभा चुनाव में क्या होता है ये आने वाला वक्त बताएगा। उन्होंने पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारियों बात करते हुए बताया कि हम चुनावी मैदान में 'हर घर बेरोजगार मांगे रोजगार' के नारे के साथ उतरेंगे।

## विपक्ष से चुनावों में हार की निराशा संसद के अंदर न निकालें: पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली**

चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद भाजपा को तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत मिला है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से सत्ता छीन ली है। इस पर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे विधानसभा चुनावों में हार की निराशा संसद के अंदर न निकालें और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि इससे उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है।




**विपक्ष के लिए सुनहरा मौका- पीएम मोदी**

शीतकालीन सत्र से पहले संसद भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह सत्र विपक्ष के लिए एक सुनहरा अवसर था। उन्होंने कहा, "देश ने नकारात्मकता को खारिज कर दिया है। हम हमेशा सत्र की शुरूआत में विपक्षी मित्रों के साथ बातचीत करते हैं, हम हमेशा सभी का सहयोग चाहते हैं।

इस बार भी ऐसी सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं।"

**विपक्ष से तैयार होकर आने की अपील**

मोदी ने कहा कि यह लोकतंत्र का मंदिर लोगों की आकांक्षाओं और विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है। साथ ही, उन्होंने सभी सदस्यों से अच्छी तरह से तैयार होकर आने का आग्रह किया और विधेयकों पर गहन चर्चा का आह्वान किया, ताकि अच्छे सुझाव सामने आएं। मोदी ने कहा, "लेकिन अगर चर्चा नहीं होती है, तो देश को उन चीजों की याद आती है।"

## स्थगनादेश पर अपने फैसले पर पुनर्विचार के लिए सुप्रीम कोर्ट ने गठित की संविधान पीठ



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 के अपने एक फैसले पर पुनर्विचार के लिए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संविधान पीठ गठित कर दी है। उस फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा था कि दीवानी या आपराधिक मामलों में निचली अदालत या हाई कोर्ट द्वारा जारी किया गया स्थगनादेश छह महीने बाद स्वतः समाप्त हो जाएगा बशर्ते उसे खास तौर पर न बढ़ाया गया हो।

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के स्थगनादेश पर प्रभावी नहीं था। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई अधिसूचना के मुताबिक, पांच सदस्यीय संविधान पीठ में प्रधान न्यायाधीश के अलावा जस्टिस अभय एस. ओका, जस्टिस जेबी पाडीवाला, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

**कोर्ट ने एक दिसंबर को संविधान पीठ को संदर्भित किया था**

यह संविधान पीठ इस मुद्दे पर सुनवाई तब शुरू करेगी जब वह असम में घुसपैठियों से जुड़ी नागरिकता अधिनियम की धारा-6ए की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले में कार्यवाही पूरी कर लेगी। शीर्ष अदालत ने 2018 के अपने फैसले को पुनर्विचार के लिए एक दिसंबर को पांच सदस्यीय संविधान पीठ को संदर्भित किया था।

## योगी सरकार ने फाइलेरिया के समूल उन्मूलन की दिशा में तेज किए प्रयास

**गोरखपुर/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संक्रामक और जलजनित बीमारियों के साथ ही फाइलेरिया के समूल उन्मूलन की दिशा में भी कार्य शुरू हो गया है। इस दिशा में फरवरी में होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड को लेकर तैयारी तेज हो गई हैं। लाइलाज उपेक्षित बीमारी फाइलेरिया से बचाव के लिए चलने वाले इस अभियान को सफल और असरदार बनाने के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम) के दो दिवसीय कांफ्रेस में गंभीर चिंतन हुआ। गोरखपुर एम्स में हुए इस कांफ्रेस में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा गुजरात, महराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के लगभग सभी मेडिकल कालेज, गोरखपुर व रायबरेली एम्स के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और चर्चा की। सीएम योगी की मंशा उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य और सक्षम प्रदेश बनाने की है। इस कड़ी में दो दिन चली इस कांफ्रेस में फाइलेरिया के अलावा ट्यूबरक्लोसिस, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, इंसेफेलाइटिस समेत कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसी क्रम में नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिसीज (एनटीडी) सत्र में फाइलेरिया मरीजों के कष्ट से बात शुरू हुई तो उन्मूलन के प्रयासों के बारे में भी कई कहानियां सामने आईं। सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कायर्कम में एम्स के सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

## वायु सेना का ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

**मेडक (तेलंगाना)**

**तेलंगाना** के मेडक जिले में सोमवार सुबह लगभग 8:55 बजे भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा डिंडीगुल स्थित वायु सेना अकादमी के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि ट्रेनर जेट क्रैश में दो पायलट की मौत हुई है। जिनमें से एक कैडेट पायलट और ट्रेनर था।

**कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश**

समाचार एजेंसी एएनआई एवं पीटीआई ने भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि अत्रक्ष हैदराबाद से नियमित ट्रेनिंग उड़ान के दौरान आज सुबह एक पिलाटस ढउ 7 टङ क्क्र विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने भी विमान में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई।

# यूपी ग्रामीण खेल लीग का सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारंभ

## खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाए जा रहे हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर

**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ-दस वर्षों में देश के अंदर खेलों की गतिविधियों का शानदार माहौल बना है। इन गतिविधियों का परिणाम है कि देश खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभागी खिलाड़ियों और उनके द्वारा जीते जा रहे पदकों की संख्या से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सीएम योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के शुभारंभ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को प्रज्ज्वलित कर लीग का शुभारंभ किया




और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त करने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। इसे और गति देने के हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं।

**खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ा रही सरकार**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं।

जिला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, 2 जुडो हाल, 6 शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश मैं पहका विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर हो रहा है।

**खिलाड़ियों को दी जा रही भरपूर धनराशि और नौकरी**

सीएम योगी ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भरपूर धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है।

डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किए गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है।

# पंथी लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोहा कबीर के भजन से भक्तिमय हुई शाम

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेले ने दो दिनों में ही धूम मचा दी है। विभिन्न राज्यों से लाए गए हस्तशिल्प उत्पादों के साथ ही सांस्कृतिक संध्या में लोकगाय व नृत्य लोगों को खूब पसंद आ रहा है। लोग खरीददारी के साथ ही साथ भव्य कार्यक्रमों का लुफ्त उठा रहे हैं। मुक्ताकाशी मंच पर सोमवार को विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने मनमोहक नृत्य से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के शिल्पहाट में सुर, लय व ताल की छटा बिखेरी। स्टार नाइट में मंगलवार को प्रसिद्ध भोजपुरी गायक गोपाल राय अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

**मन लागो मेरो यार फकीरी मेंङ्की प्रस्तुति से बही भक्ति रस की धार :**

कार्यक्रम की शुरूआत वाराणसी के आनंद मिश्रा एवं साथी ने वाद्ययंत्र से किया। इसके बाद राजाभोज की नगरी धार से आयी श्वेता जोशी ने सुगम संगीत से समां बांधा उन्होंने कबीर दास के भजन मन लागो मेरो यार फकीरी की प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को भक्तिरास से सराबोर कर दिया। इसके बाद रामा-रामा रटते बीती रे उमरिया,पूरे पंडाल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इसके बाद जो भजे हरि को सदा और रघुकुल नंदन कब आओगे, रामा-रामा रटते बीती रे उमरियां तथा हम कथा सुनाते हैं राम जैसे कई तरानों पर खूब तालियां बटोरी।

**महाराष्ट्र की पूर्णिमा ने लावणी नृत्य से बांधा समां :** महाराष्ट्र से आयी पूर्णिमा चौहान एवं दल ने लावणी नृत्य की मनमोहक अंदाज ने दर्शकों को खूब रास आया। मध्य प्रदेश के लोकनृत्य राई की मनमोहक प्रस्तुति परवीन खान और साथी कलाकारों ने की। इसी कड़ी में कलाकारों द्वारा केरल का ओपन्ना व तमिलनाडु का कावड़ी तथा छत्तीसगढ़ का पंथी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही पायी। साथी कलाकारों में तबले पर अजय बनर्जी, कीबोर्ड पर सत्य प्रकाश आक्टोपैड पर सुरेन्द्र शर्मा तथा हारमोनियम पर अनुराग मिश्रा रहे।

## तीन राज्यों में स्पष्ट बहुमत मिलने पर कार्यकताओं में हर्ष



**मेजा।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को विधान सभा में स्पष्ट बहुमत मिलने पर मिठाई बाँट कर खुशी का इजहार किया। कोहड़ार निवासी भाजपा मंडल महामंत्री राजू द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पार्टी की तीन राज्यों में विधान सभा में स्पष्ट बहुमत मिलने पर एक दूसरे का मुंह मीठा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मा और शाह की चाणक्य नीति की सराहना करते हुए मोदी मोदी के नारा लगाते हुए खुशियां मनाया। इस मौके पर समाज सेवी संजय केशरी ,रेवती रमण पांडे, हरिशंकर पांडे उर्फ बाबा,पवन तिवारी, राजेंद्र प्रसाद सोहगौरा, प्रेमचंद्र मिश्र डॉक्टर पवन गुप्ता आशुतोष तिवारी सोनू केसरी कैलाश चंद केसरी सत्यम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## संकल्प यात्रा वाहन का स्वागत करते लोगों को किया गया जागरूक




**सहसों।** केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत सोमवार को विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत चक काशीराम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन का स्वागत किया गया। प्रचार वाहन में लगे डिजिटल स्क्रीन पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत के बारे में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को बताते हुए ग्रामीणों को दिखाया गया एवं विभिन्न प्रकार की देश की विकास से जुड़ी जानकारियां दी गई। इस मौके पर अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। जिसमें स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, शौचालय योजना, आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते एवं दिखाते हुए ग्रामीण महिलाएं, पुरुषों, नवयुवकों, छात्र, छात्राओं व सभी को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लवलेश मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी राम बहादुर, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , आशीष भारतीया, संजय सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रीना हत्याकांड : तीन दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नही चढ़ा हत्यारोपी

**हनुमानगंज।** रीना की हत्या कर-के फरार नामजद आरोपी ताराचंद को पुलिस वारदात के तीसरे दिन भी नही पकड़ सकी। सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगातार छापामारी कर रही हैं। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया ताराचंद की गिरफ्तारी के लिए कुछ लोगों को पकड़ा गया है, उनसे पूछताछ चल रही है।

दलापुर मुसहा गांव निवासी रामचंद्र बिंद की छोटी बेटी रीना का शुक्रवार रात उसी के दामाद ताराचंद ने निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या के एक दिन बाद रीना की शादी होनी थी। ताराचंद उसकी बड़ी बहन बीना को छोड़कर रीना से शादी करना चाहता था। इस घटना से परिजन बेहद दुखी हैं। पिता रामचंद को तो बस अब यही चिंता सता रही है कि एक बेटी जान से गई, दूसरी बेटी बीना के समक्ष भी घोर संकट आ गया है। बीना के दो बच्चों का सहारा कौन बनेगा।


## श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता अतुलनीय अविस्मरणीय : अशोका नंद महाराज



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के समापन दिवस पर सोमवार को कथा व्यास अशोकानंद महाराज ने सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष का वर्णन जोगापुर हरदुआं गांव में मुख्य यजमान रमाशंकर पांडेय एवं हीरावती देवी के निवास पर किया।महाराज ने कहा कि सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे वह भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे गरीबी के बावजूद हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। उनकी पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलिए शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के बार-बार कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है तो श्रीकृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं।महाराज ने बताया कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं इसी के साथ कथा का विराम हो गया आरती प्रसाद वितरण करते हुए आयोजकों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।इस अवसर पर शिव शंकर पांडेय, विजय शंकर पांडेय, रमेश चंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, बृजेश पांडेय, कमलेश पांडेय, बजरंगबली पांडेय, राजमणि पांडेय, संकठा पांडेय, लालमणि पांडेय, कृपाशंकर पाडेय, रंजीत पांडेय, गंगा सागर पांडेय, राजकुमार पांडेय, बिहारी पांडेय, रमेश मिश्रा, नखड़ू यादव, रामचंद्र प्रजापति, राजकुमार, प्रदीप, विकास, शनी, शुभम, रौनक, हर्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ग्राम समाज की जमीनों चक मार्गों को टीम गठित कर खाली कराए जाएं : जगदम्बा सिंह

### तहसील कोराव के अफसरों को खरी खोटी सुनाई



**कोरांव।** तहसील कोरांव में कई बार शिकायतों से खफा एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज जगदम्बा सिंह ने तहसीलदार कोरांव से नाराजगी जताई और लेखपालनको भी खरी खोटी सुनाई। क्षेत्र के ग्राम सभा अलहवा में एक अपात्र द्वारा पेड़ लगाने के नाम पर ग्राम समाज की कीमती नवीन परती भूमि का बिना प्रधान की सहमति के पट्टा करा कर कृषि आदि कार्य किए जाने के विरुद्ध ग्राम सभा द्वारा पट्टा निरस्तीकरण का केस कायम है जिसमें राजस्व कर्मी मिले हुए हैं और कोर्ट द्वारा बार बार आख्या और पत्रावली मांगी जाती है तो आना कानी की जा रही। जिस पर खिसियाए एडीएम वित्त राजस्व जगदम्बा परसाद सिंह ने तहसीलदार कोरांव और लेखपाल अल्हवा की फोन लगा कर काफी फटकार लगाई। और समय से कोर्ट में हाजिर होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसी तरह प्रधान की मांग पर और छपी खबरों को संज्ञान लेते हुए तहसीलदार कोरांव को एक पत्र जारी किया कि अल्हवा ग्राम सभा की चकमार्गों को राजस्व और पुलिस बल की टीम द्वारा अतिचारियो से भूमि रास्ते खाली कराए जाएं। और कृत कार्यवाही की रिपोर्ट मागी है। चर्चा हैं की ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे कई बार राजस्व अफसरों से ग्राम सभा की जमीनों के अवैध कब्जे हटाने और मार्गों को खाली कराने तथा सीमांकन नष्ट कर अवैध कब्जा कर फसल उगाने की शिकायत किया था किंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

## मत्स्यपालन हेतु तालाब पट्टा नीलामी में धांधली का आरोप


**पसना।** तहसील कोरांव में 24 ग्रामपंचायतों के अवशेष सरकारी तालाबों में मछली पालन हेतु योग्य समितियों व व्यक्तियों के पक्ष में नीलामी हेतु विज्ञप्ति अनुसार आज नीलामी प्रक्रिया तहसील सभागार में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए तहसील बार एसोसिएशन के ऑडिटर यादवेंद्र अहीर ने आरोप लगाया कि तालाब नीलाम करने में व्यापक पैमाने पर धांधली हुई है।उन्होंने एसडीएम को दिए शिकायती प्रार्थनापत्र के माध्यम से बताया कि ग्रामपंचायत पडरिया के तालाब संख्या 40 व उल्दा के तालाब संख्या 191को एक ही व्यक्ति रामकैलाश बिंद के पक्ष में नीलाम करते हुए लगे हाथ आवंटी से इनकारनामा लेकर नीलामी में शामिल दूसरे के नाम आवंटित कर दिया गया।श्री अहीर ने बताया कि पड़रिया निवासी एक युवक ने भी नीलामी प्रक्रिया में अपने कागजात जमा किए थे ,बावजूद इसके कोरांव नगर पंचायत निवासी के पक्ष में आवंटन कर दिया गया।उन्होंने उपजिलाधिकारी कोरांव से पूरे प्रकरण की जांच कर पुनः नीलामी करवाने की मांग की है।

## खेलकूद प्रतियोगिता से शारीरिक मानसिक विकास : शैलेश यादव ब्लॉक प्रमुख



**जंघई।** सीबीएसई बोर्ड के निदेर्शानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर, जंघई में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन एसएसडी कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक एवं प्रतापपुर ब्लाक प्रमुख शैलेश यादव द्वारा सोमवार को फीता काटकर किया गया। 4 से 7 दिसंबर तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता में नर्सरी से जूनियर हाईस्कूल तक के बच्चों के लिए कबड्डी, क्रिकेट, बालीबाल, बैडमिंटन, दौड़ प्रतियोगिता, स्पून रेस, जलेबी रेस, सैंक रेस, म्यूजिकल चेयर, बैलून प्रतियोगिता, लूड, चेस, हाई जंप, टैग आफ वार सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से हमारा शारीरिक मानसिक विकास होता है एवं हमारा जीवन आचरण स्वभाव सकारात्मक होता है खेल को प्रतिस्पर्धा के रुप में लेना चाहिए इसमें किसी खिलाड़ी की हार जीत नही होती बल्कि हर बार नया करने का अवसर मिलता है।इस अवसर पर स्पोर्ट हेड इंचार्ज मुकेश कुमार यादव, सपोर्ट स्टॉफ वरुण कुमार राय, अतुल तिवारी , ज्योति दुबे, अनन्या विश्वकर्मा, सहरोज प्रवीण, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।प्रथम दिवस सोमवार को 100 मीटर दौड़ और 200 मीटर दौड़, कबड्डी तथा प्राइमरी स्पून रेस, जलेबी रेस का आयोजन किया गया।

## भागवत कथा श्रवण करने से पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं : देवेंद्र मणि त्रिपाठी




**जंघई।** सोमवार को गहरपुर, खखैचा गांव में मुख्य यजमान त्रिलोकी नाथ दुबे, माधुरी देवी, त्रिशूली नाथ दुबे, कमला देवी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य कुलगुरु देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने संगीतमय कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को वैभव और पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है भगवान स्वयं प्रकट होकर उनकी रक्षा करते हैं जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था।ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, सती चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं।जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। मनुष्य का जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए इसी में मनुष्य का उद्धार है।कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया जिसमें शीतला प्रसाद दुबे, शिवशंकर दुबे, त्रिभुवन नाथ दुबे, प्रमोद दुबे, मनोज दुबे, राहुल दुबे, दीपक दुबे, चेतन दुबे, आकाश, प्रदीप, संदीप, डॉ प्रवीण, प्रकाश, विकास, दिलीप, अनुराग, अनुपम, राज, आयुष, आर्यन, यश, कृष्णा, खुशहाल, रुद्र, ध्रुव, वंश, वीर, अद्वैत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।मुंबई के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार मुकेश त्रिपाठी एवं सिद्धार्थ सिंह की संगीतमय मनमोहक प्रस्तुति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

### बिजली विभाग का कथित कर्मचारी बन कर अवैध वसूली का विरोध पर अधिवक्ता को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बिजली विभाग का कथित कर्मचारी बन कर गांव के युवक द्वारा अवैध वसूली से तंग आ कर जब एक महिला ने पडोसी वकील को बताया तो उन्होंने विरोध किया जिसपर अधिवक्ता को लाठी डंडा से मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए घर की खिड़की दरवाजा तोड दिया गया। अधिवक्ता ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव में कथित रूप से बिजली का कर्मचारी बन कर अवैध वसूली की शिकायत पर ध्यान न देने पर उस समय बवाल हो गया। आरोप है कि जमखुरी गांव की अफसाना पत्नी जावेद ने पडोसी वकील को बताया कि गांव के मोहम्मद आरिफ आ कर बिलों का पैसा मांग रहे हैं। आरोप है कि अधिवक्ता मोहम्मद मोइज पुत्र रफीक अहमद ने विरोध किया तो आरोप है कि मोहम्मद आरिफ ने अपने मामा के लडकों को लाठी डंडा से बुला कर उन्हें गालियां दी और मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए दरवाजा खिड़की तोड दिए।घायल अधिवक्ता मोहम्मद मोइज ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अरफाज,कैश,कैफ, तब्बू के खिलाफ मार पीट बलबा का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## देश राजनीतिक से ऊपर विकास और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चल रहा हैं- प्रेम शंकर सिंह




**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि तीन प्रदेशों में भातीय जनता पार्टी पार्टी की प्रचंड जीत सभी भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और मध्य प्रदेश में भाजपा 18 वर्ष सरकार में रहने के बाद भी दो-तिहाई से अधिक वोटों के साथ जीत र है। अब देश इस तरह की राजनीति से ऊपर विकास और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चल रहा है। प्रधानमंत्री नेकहा कि हमने अगर कहा टीके लगे तो सच में लगे, बहनों के अकाउंट में पैसा गया तो सच में गया, सड़कें बनी हैं तो बनी हैं। प्रधानमंत्री मोदी गरीब के पुत्र हैं और ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। प्रेम शंकर सिंह ने देवतुल्य कार्यकताओं को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है और सभी को जीत की बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### सनातन को गाली देना कांग्रेस को पड़ा भारी : डा. एल एस ओझा



**मेजा।** देश के चार राज्यों के बीते रविवार को आए चुनावी परिणाम में भाजपा की हिंदी भाषी राज्यों में बंपर जीत से पार्टी और कार्यकर्ता जश्न में डूबे हुए हैं। पार्टी नेताओं ने इस जीत को मोदी पर जनता का विश्वास और करिश्माई नेतृत्व को बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा आगामी लोक सभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट के दावेदार डा एल एस ओझा ने इस ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के शीर्ष लोगों एवं पार्टी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि सनातन को गाली देना कांग्रेस के लोगों पर भारी पड़ा है। उन्होंने पार्टी की जीत पर प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए कहा कि मोदी मैजिक से हिंदी भाषी राज्यों कांग्रेस पूरी तरह साफ हो गई है। डा ओझा ने आगे कहा कि इस पूरे चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं में समन्वय की कमी रही है राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में सिर फुटौवल जारी है।

### गायब मानसिक रूप से कमजोर महिला को मऊआइमा पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**मऊआइमा।** मानसिक रूप से कमजोर महिला एक माह से गायब थी ?जिसे महिला कांस्टेबल की सहायता से मऊआइमा पुलिसकर्मियों ने परिजनों से मिलाया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। मालूम हो कि फाफामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मोरहूं निवासनीय गायत्री देवी 30 वर्ष पत्नी राम देव 18 अक्टूबर को मामूली रूप से मानसिक रूप से कमजोर है। बताया गया कि कि गायत्री देवी 18 अक्टूबर को रहस्यमय ढंग घर से गायब हो गई।तब से परिजनों उसे तलाशते रहे। बताया गया है कि उक्त महिला 2 दिसम्बर को महिला कांस्टेबल ममता को मऊआइमा थाना पडाव चौराहे पर मिली तो वह शाम होने के कारण किसी अनहोनी को देखते हुए थाना परिसर में बने अपने कमरे पर रख कर भोजन आदि दी तथा पता लगाने में जुट गयी।ममता ने बताया कि मोबाइल के माध्यम से गायब महिला को रविवार 3 दिसम्बर को सुपुर्द कर दिया। गायब महिला को परिजनों से मिलाने में क्राइम इंस्पेक्टर विधा राम यादव कांस्टेबल ममता,पूनम वर्मा आदि महत्वपूर्ण भूमिका रही।जिसकी ग्रामीण प्रशंसा कर रहे हैं।

### चुनाव को लेकर मेजा बार एसोसिएशन की बैठक, चुने गए निर्वाचन अधिकारी

**मेजा।** आगामी चुनाव को लेकर बार एसोसिएशन मेजा की वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक हुयी, जिसमें चुनाव में पारदर्शिता के साथ सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी चुने गए। अधिवक्ताओं की बैठक के दौरान चुनाव के एजेंडा पर पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गयी। बैठक में निर्णय लिया गया सीओपी से मेजा के निवासी ही बार एसोसिएशन चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त चुनाव संबंधी अन्य बिंदुओं पर भी अधिवक्ताओं की चर्चा हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकांत तिवारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र कुमार शर्मा तथा बैजनाथ को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया तथा अधिवक्ता आनंद कुमार पांडेय को निर्वाचन के लिए पर्यवेक्षक पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन मेजा अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी, मंत्री चंद्रमणि शुक्ला, एसके मिश्रा, इंद्रदेव मिश्रा,संतोष विश्वकर्मा, आर पी पांडेय, अनिल यादव, मनोज तिवारी, दिनेश सिंह, कामेश्वर पटेल, सुशील कुमार मौर्य, दीप चंद्र यादव सहित आदि अधिवक्ता उपस्थित रहें।

### किराना स्टोर में सेंधमारी नगदी समेत हजारों की चोरी

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सराय लाहुरपुर गांव निवासी त्रिजुगी नारायण सिंह देवरिया रोड़ पर किराना सामान के साथ चाय-पान की दुकान खोल रखी है। रविवार रात चोरों ने पीछे की दीवार में सेंधमारी करके नगदी समेत हजारों रुपए का कीमती सामान चुरा ले गए। दुकानदार सुबह दुकान खोलने गया तो अंदर का सामान बिखरा देखकर सन्न रह गया। पीड़ित ने इस बाबत थाने में तहरीर दी है।

# डीएम ने की विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण-2024 के सम्बन्ध में ईआरओ, एईआरओ व सम्बंधित विभागों के साथ बैठक

## जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदन पत्रों का उसी दिन निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के दिए निर्देश



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यों के सम्बंध में अपर नगर मजिस्टेटों, उपजिलाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ व जिन विभागों से बीएलओं को नियुक्त किया गया है। उनके विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विधानसभावार लम्बित आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी ईआरओ, एईआरओ व सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने बूथों पर प्राप्त आवेदन पत्रों का उसी दिन निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। कहा कि आवेदन पत्र लम्बित न रह जाये, इसके लिए उनका रोज ही निस्तारण होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने ऐसी तहसीलों में जहां पर आवेदन पत्र लम्बित है, वहां के ईआरओ को स्वयं लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण सुनिश्चत कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने नए मतदाता जिनकी उम्र 18 से 19 वर्ष है, उनकी संख्या को बढ़ाये जाने के लिए कहा है। कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नया मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कालेजो में कैम्प के आयोजन के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि नए मतदाताओं की संख्या को बढ़ाये जाने के लिए सभी कालेजों में कैम्प का आयोजन करते हुए उनका फार्म भराये जाने के निर्देश दिए है। बैठक में कुछ ईआरओज के द्वारा बताया गया कि कुछ अधिकारी इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग नहीं प्रदान कर रहे है। जिलाधिकारी ने ईआरओ से ऐसे अधिकारियों की सूचना दिए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने फार्म-7 के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण जब तक प्रमाणित न हो जाये, तब तक किसी मतदाता का नाम लिस्ट से न काटने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करने व जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, उनका नाम मतदाता सूची दर्ज कराने के लिए कहा है। उन्होंने महिला मतदाताओं की संख्या को भी बढ़ाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी ईआरओ, एईआरओ व विभागाध्यक्षों से कहा कि अगली बैठक तक सभी लम्बित कार्य पूर्ण होना चाहिए। यदि कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, ईआरओ, एईआरओ सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बन्दियों को एड्स टीबी हेपाटाइटिस रोगों के रोकथाम निदान के संबंध में जानकारी दी गई

**नैनी।** नैनी सोमवार को केन्द्रीय कारागार नैनी में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी के निर्देशन में इन्ट्रिगेटेड सिफलिस, टी बी, हेपाटाइटिस एवं एच आइ वी जागरुकता कार्यक्रम की लॉन्चिंग की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ आशु पांडेय, सी एम ओ प्रयागराज के द्वारा फीता काटकर किया गया। तदुपरांत मंचासीन जिला क्षय अधिकारी प्रयागराज डॉ ए के तिवारी एवं अन्य चिकित्सकों ने बन्दियों को एड्स, टीबी, हेपाटाइटिस आदि रोगों के रोकथाम एवं निदान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही बन्दियों की किट द्वारा जाँच भी प्रारंभ की गयी। कार्यक्रम में डॉ आशीष सिंह, डॉ रोहित पांडेय, संजीत पांडेय,डॉ वरुण पात्रा, जेलर श्री राम सिंह यादव, जेलर एस पी सिंह, जेलर डॉ आलोक कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के प्रधानाचार्य ने मो. कौसर द्वारा प्रस्तुत प्रवेश विवर्णिका का किया विमीचन



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के प्रधानचर्या श्रीवास्तव ने नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक मोहम्मद कौसर द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रवेश विवर्णिका का विमीचन अपने कार्यालय मे किया मोहम्मद कौसर ने प्रधानाचार्य को जानकारी दी की यह केंद्र न्यूनतम शुल्क मे रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस पत्रिका का उद्देश्य केंद्र के बारे मे छात्र छात्राओं को अवगत कराना है जिससे की केन्द्र मे होने वाले सेमिनार ग्रुप डिस्कशन इंडेट्रियल विजिट प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन टेबलेट डिस्ट्रीब्यूशन इत्यादि कार्यप्रणालियों के बारे मे कौसर ने बताया की वर्तमान मे कोपा फिटर अग्निशमन इलेक्ट्रीशियन योगा की सीटे प्रवेश हेतु उपलब्ध हैं। केंद्र क्वालिटी काउंसिल से स्टार ग्रेडेड है एवं इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड मे भी नाम दर्ज है। इसी क्रम मे कार्यालय प्रभारी संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण एवं शिशिक्षु जीतू को भी बिवर्णिका भेंट की गयी।

# नैनी मे प्रभात फेरी संग प्रकाश उत्सव शुरू

## गुरु के जयकारे एवं गुरु की महिमा से प्रेम भरी वाणी से वातावरण हुआ भक्तिमय



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी श्री गुरु नानक देव जी के 554 वे प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में नैनी गुरुद्वारा संगत द्वारा प्रातः काल से गुरुद्वारा प्रांगण से प्रभात फेरी आरंभ हुई जिसमें गुरु रुप साध संगत बड़े श्रद्धा और प्यार सहित विभिन्न धर्म,संप्रदाय के श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के शामिल हुए साध संगत गुरुजी के उपदेशों सेवा भाव का वर्णन पूरे रास्ते शब्द कीर्तन एवं वाहेगुरु,वाहेगुरु के आकाश भेदी गुरु के जयकारे एवं गुरु की महिमा से प्रेम भरी वाणी से वातावरण भक्ति मय हो रहा था प्रभात फेरी का विभिन्न जगहों पर क्षेत्रवासियों ने अपने अपने घरों से निकलकर पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया एवं संगत की सेवा में विभिन्न जगहों पर पकवान,चाय नाश्ते की सेवा करते नजर आ रहे थे। प्रभात फेरी में सरदार पतविंदर सिंह ने जगह जगह कहा कि गरीबों बच्चों की शिक्षा-स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए एवं ऊनी वस्त्र दान करते रहें सेवा व दान अवश्य करना चाहिए श्री गुरु नानक देव जी गरीबों और मजदूरों की मदद के पक्षधर थे सभी श्रद्धालुओं को पुराने एवं नए ऊनी वस्त्र को फेंकने की बजाय जरूरतमंदों को दान करें जिससे जरूरतमंद मानव शरीर अपने आप को जाड़े से बचाया जा सके। सुरेंद्र सिंह सलूजा ने बताया कि नैनी गुरुद्वारा संगत में 10/12 /2023 को प्रातः कॉल से दोपहर 2:30 बजे तक शब्द कीर्तन, कथा, व्याख्यान,अरदास, हुकुमनामा इत्यादि पंथ के सुप्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा गुरु का यश गायन होगा उसके उपरांत गुरु का लंगर के वितरण के साथ ही कार्यक्रम की संपूर्णता होगी। परमिंदर सिंह बंटी ने सभी समुदाय के लोगों से अपील की है कि विभिन्न धार्मिक आयोजित कार्यक्रमों में बिना किसी भेदभाव के सम्मिलित होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करें'प्रभात फेरी में सुरेंद्र सिंह, परमिंदर सिंह, जगजीत सिंह, चरनजीत सिंह, सतनाम सिंह, राजू छाबड़ा ज्ञानी जसपाल सिंह, पतविंदर सिंह, तनप्रीत सिंह सहित बड़े बुजूर्ग, बच्चे, महिलाएं, युवतियां संगत रूप में गुरु की वाणी पढ़ते हुए आगे बढ़ रहे थे।

## तेज रफ्तार कार ने की टक्कर से रेलवे ठेकेदार की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के बीपीसी कंपनी के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से रेलवे के ठेकेदार की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करछना थाना क्षेत्र के रामगढ़ अमिलो निवासी प्रशांत तिवारी (35) पुत्र विद्याकांत तिवारी रेलवे में ठेकेदारी करता था। सोमवार को वह अरैल स्थित अपनी बहन के घर आया था। वापस घर लौटते समय बीपीसी कंपनी के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जब तक वह संभल पाता कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार उसे रौंदते हुए निकल गई ।प्रशांत को तुरंत उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशांत चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी दो बहनें भी थीं। प्रशांत की अभी शादी नहीं हुई थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार चालक की खोजबीन कर रही है।

# फाफामऊ के शिवपुर में भूमि का पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर पथराव

## पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में, विरोध में आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के शिवपुर में भूमि का सीमांकन करने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। एक पक्ष की ओर से ईंट और पत्थर चलाए गए। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। शिवपुर में लवकुश एवं राजेश्वर मिश्र के बीच जमीन का विवाद चला आ रहा था। राजेश्वर मिश्र के प्रार्थना पत्र पर एसडीएम द्वारा गठित राजस्व टीम एवं पुलिस सोमवार को मौके पर सीमांकन करने पहुंची। आरोप है कि राजकुमार पक्ष के लोग जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं, ईंट पत्थर फेंकने लगीं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। इसका विरोध करते हुए सड़क पर ईंट पत्थर फेंक कर जाम लगा दिया गया। एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव का कहना है कि हमले की बात गलत है। कुछ महिलाओं ने ईंट पत्थर चलाते हुए रोड जाम करने की कोशिश की। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमा लिखाया जा रहा है।

# राज्यपाल से मिले मंत्री नंदी, जताया आभार

## दीपावली के पूर्व प्रयागराज में सैकड़ों बच्चों ने राजभवन में किया था भ्रमण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज सोमवार को राजभवन लखनऊ में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। मंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात कर पिछले दिनों दीपावली के पूर्व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की मलिन एवं दलित बस्ती में रहने वाले झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को राजभवन भ्रमण व लंच के लिए स्वीकृति प्रदान करने एवं कार्यक्रम के सकुशल संपन्न होने पर आभार जताया। मंत्री ने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों में राजभवन से लोटने पर अपार उत्साह और खुशी थी। यह कार्यक्रम झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके अभिभावकों के जीवन की सुनहरी स्मृति बन कर रहेगा। मंत्री ने बताया कि दीपावली के पूर्व उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित एवं मलिन बस्तियों के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को लखनऊ लाने एवं उन्हें राजभवन में भ्रमण के साथ ही दोपहर का भोजन कराने के लिए स्वीकृति मांगी थी। जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया था।

### राज्यपाल के साथ बच्चों ने किया था भोजन

मंत्री नंदी की ओर से 16 बसों से 51 दलित एवं मलिन बस्तियों के सैकड़ों बच्चों को अभिभावकों के साथ लखनऊ लाया गया था। यहां सभी ने मॉल में दीपावली की खरीददारी की और फिर वाटर पार्क में मस्ती की। फिर अगले दिन राजभवन में भ्रमण के साथ ही राज्यपाल का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए दोपहर भोजन किया। मंत्री ने कहा कि राज्यपाल के आशीर्वाद से झुग्गी झोपड़ी के बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया, जो उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय पल था। मंत्री ने कहा कि कई बच्चे तो ऐसे थे, जो पहली बार घर से बाहर निकले थे और लखनऊ आए थे। राजभवन में भ्रमण के पूर्व राज्यपाल का संबोधन और आशीर्वाद बच्चों को अपना भविष्य बनाने में काफी प्रेरणादायक साबित होगा।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सभी सिविल वादों में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का दिया समय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड व शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में दाखिल सभी सिविल वादों में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया है। कुल 18 सिविल वाद मथुरा जिला अदालत से स्थानांतरित होकर आए हैं। न्यायमूर्ति मयंक जैन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। एक मामले में पहले ही कोर्ट कमिश्नर भेजने व सिविल वाद की पोषणीयता पर आपत्ति पर फैसला सुरक्षित हो चुका है। शेष 17 मामलों की सुनवाई सोमार को की गई। पक्षकारों ने हलफनामे दायर किए।

# प्रयागराज स्टेशन पर मिलेंगी सस्ती दवाईयां

## यात्रियों की सहूलियत के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की है तैयारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अब रेलवे स्टेशनों पर भी जरूरत पड़ने पर यात्रियों को सस्ती दवाईयां मिलेंगी। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए प्रयागराज स्टेशन का भी चयन किया गया है। इसके साथ उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर, अलीगढ़, इटावा, ग्वालियर आदि रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। इसके पहले वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट व मथुरा स्टेशन के लिए जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी जोरों से चल रही है।

**स्टेशन के बाहर जाने की जरूरत नहीं :** दरअसल, देश में पहले चरण में कुल 50 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है जिसमें एनसीआर के तीन रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। इस व्यवस्था से उन यात्रियों को सहूलियत मिलेगी जो ट्रेनों में यात्रा कर रहे होत हैं और उन्हें दवा की जरूरत पड़ जाती है।

**औषधि केंद्र पर यात्रियों को मिलेंगी सस्ती दवाएं :** जन औषधि केंद्र होने से यात्री को स्टेशन के बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। प्लेटफार्म पर बने जन औषधि केंद्रों पर ही यात्री को दवा आसानी से मिल पाएगी। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। बताते हैं कि इसकी डिजाइनिंग राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अहमदाबाद की ओर से तैयार की गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बसरिया, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 04.12.2021

ग्राम पंचायत बसरिया में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसरिया विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05–12–2023 से दिनांक 19–12–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–12–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–12–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से श्याम बाबू के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 2.55 लाख | 2 माह |

समरजीत यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बसरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

दीपेश सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत बसरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# अतीक अशरफ हत्याकांड : हत्यारोपियों पर सुनवाई एक बार फिर टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय में माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपितों की सोमवार को होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर तय की गई है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के तीनों हत्यारोपितों सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य फिलहाल चित्रकूट की जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन्हें जिला जज संतोष राय की अदालत में जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। पिछली नियत तिथि पर आरोपित शनि की ओर से पैरवी करने के लिए अदालत ने रत्नेश कुमार शुक्ल को न्याय मित्र नियुक्त किया था। जिला जज के अवकाश में रहने के कारण विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपियों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की

### अब 18 दिसंबर को तय हो सकता है आरोप

अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण के लिए सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था ।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि हत्यारोपितों अरुण, लवलेश और सनी सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 120 बी, 419, 420, 467, 468 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट तथा 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है। नियत तिथि पर इन्हीं धाराओं के अंतर्गत आरोपितों पर आरोप तय होना है।

# तीन राज्यों की जीत ने साबित किया 2024 में पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी : राजू भैया

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** मध्य प्रदेश ,राजस्थान, और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ जश्न मनायाबता दें कि रविवार को तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपायों ने दिघिया मंडल के नहवाई चौराहे पर भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया के नेतृत्व में पटाखे फोड़े और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा नेता राजू भैया ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत ने साबित कर दिया है कि 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कहां की तीन राज्यों में भाजपा की वापसी ने साबित कर दिया कि जनता का अटूट भरोसा मोदी के नेतृत्व पर है। इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता,मंडल अध्यक्ष दिघिया अखिलेश शुक्ला, महामंत्री पारसनाथ पाल, अंजनी पांडे, मोतीलाल पटेल, कमलाकांत उपाध्याय, आशुतोष तिवारी, विपिन पांडे सुभाष मिश्रा, इंद्रेश दुबे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार में फंसे भाजपा नेता के पुत्र को निकालने के लिए बचाव अभियान में स्वयं उतरे कप्तान

## नेशनल हाइवे के लीलापुर क्षेत्र में कार व डम्फर की हुई टक्कर, चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मिली सफलता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार की रात नेशनल हाइवे लखनऊ-वाराणसी पर डम्फर से कार की टक्कर हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी भी पहुंच गए। कप्तान ने स्वयं बचाव अभियान में शामिल होकर लोगो के साथ लगभग चार घंटे कड़ी मेहनत की। उसके बाद कार में फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता मिली। उधर कप्तान को बचाव अभियान में उतारा देखकर हर कोई तारीफ करता दिखाई दिया।

लीलापुर थाने क्षेत्र के सड़वा दुबान निवासी भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह लक्ष्मणपुर ब्लाक की प्रमुख है। उनका छोटा बेटा शिवम सिंह (33) रविवार की रात करीब आठ बजे प्रतापगढ़ की ओर से घर आ रहा था। लीलापुर थाने के आगे बढ़ते ही खरगपुर गांव के समीप रायबरेली की ओर से आ रही तेज गति की डंफर ने विपरीत दिशा में कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार व डम्फर हाइवे के किनारे खडड में चले गये। प्रमुख पुत्र शिवम कार में ड्राइविंग सीट पर फंस गया। इसी बीच एसपी सतपाल अंतिल लालगंज सर्किल के उदयपुर थाने से जिला मुख्यालय जा रहे थे। एसपी सुखपाल नगर पहुंचे ही थे कि लीलापुर इंस्पेक्टर ने फोन पर एसपी को हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही एसपी अपनी फ्लीट के साथ घटना स्थल पर आ धमके। शिवम बुरी तरह कार में फंस गया था और उसका एक पैर कार की स्टेरिंग की चपेट में आ गया था। एसपी ने आपरेशन रेस्क्यू की कमान स्वयं संभाल ली। थोड़ी ही देर में एसपी के निर्देश पर लालगंज, जेठवारा तथा लीलापुर की फोर्स कार में फंसे शिवम को निकालने में जददोजहद करने लगी।

वहीं एसपी के आदेश पर जिला मुख्यालय एवं लालगंज से फायर बिग्रेड की टीमें भी पहुंच गयी। लालगंज ट्रामा सेण्टर से एहतियातन मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आधा दर्जन जेसीबी व ट्रैक्टरों व दो हैड्रा की मदद से आपरेशन रेस्क्यू शुरू किया। करीब चार घंटे तक कार में फंसे शिवम को बाहर निकालने का प्रयास जारी रहा। वही एसपी सतपाल अंतिल स्वयं ही सब्बल लेकर कार के अगले हिस्से में फंसे शिवम को बाहर निकालने की कवायद में जुट गये। एसपी का यह साहस देख वहां जमा हजारों की भीड़ उनकी मानवता को देख तारीफ करने लगी। पुलिस कप्तान की सूझबूझ व ग्रामीणों की मदद से रात लगभग बारह बजे कार में फंसे शिवम को बाहर निकाल लिया गया। पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल घायल युवक को सुरक्षा घेरे में लेकर स्वयं जिला मेडिकल कालेज पहुंचे। हादसे को लेकर लखनऊ वाराणसी नेशनल हाइवे पूरी तरह जाम हो उठा था। पुलिस ने एहतियातन वाहनों को मोहनगंज व साहबगंज बाजार मोड़ से डायवर्जन जरूर कराया गया था पर जाम की स्थिति रात लगभग दो बजे के बाद ही सामान्य हो सकी।



बचाव अभियान की जानकारी लेते एसपी सतपाल अंतिल।



अनिल कुमार को सम्मानित करते अतिथिगण।

# अनिल कुमार निलय को मिला द इंडियन रियल हीरोज अवार्ड

## साहित्यकारों व जनप्रतिनिधियों ने जताया हर्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के शिक्षक अनिल कुमार निलय को अनमोल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम मैं जिन्दा शहर बनारस हूँ के पांचवें संस्करण में द इंडियन रियल हीरोज अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संत अतुलानन्द कान्वेंट स्कूल कोईराजपुर वाराणसी में किया गया।

निलय को शिक्षण में नवाचार तथा बाल केन्द्रित सकारात्मक लेखन के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षिक उन्नयन कर सामाजिक संचेतना उत्पन्न करने के लिए इस सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राव आईएएस के संस्थापक अजीत प्रकाश सिंह व विशिष्ट अतिथि डॉ० राहुल सिंह सचिव अतुलानन्द परिषद् रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सुनीता तिवारी एवं नीलिमा ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, अम्मा साहब ट्रस्टी के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, प्रेम त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी काकाश्री, राधेश्याम दीवाना आदि सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

# भगवान की निर्मल आराधना से जीवन सदैव रहता है प्रसन्नचितः श्री इन्दिरारमणाचार्य

## देवली के संत निवास में भागवत कथा को सुनने उमड़े श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के देवली परसन पाण्डेय का पुरवा स्थित संत निवास में श्रीमदभागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सोमवार को जुटी देखी गयी। कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री जगन्नाथपुरी धाम से पधारे कथाव्यास स्वामी श्री इन्दिरारमणाचार्य ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान की चरण में और शरण में प्रीति रखने वाला सदैव प्रसन्नचित रहा करता है।

उन्होंने कहा कि भक्ति निर्मल हो प्रभु अपने निर्भय चरणकमल का आश्रय सदैव प्रदान किया करते हैं। स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य को सदैव सुंदर मनं से भगवान की आराधना करनी चाहिए। कथा श्रवण में पहुंचे अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक राजकुमार पाल ने भी व्यासपीठ का सारस्वत सम्मान किया। कथा के संयोजक धमार्चार्य ओमप्रकाश पाण्डेय अनिरूद्ध रामानुजदास एवं नारायणी रामनुजदासी ने भी श्रीमदभागवत महाग्रन्थ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर शिवाकांत मिश्र, राजाराम पाण्डेय, श्यामशंकर पाण्डेय, दिलीप शुक्ल, परमानंद मिश्र, धर्मेन्द्र गिरि, आचार्य राजेश, प्रमोद दुबे, रामप्रकाश पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, मृदुल मिश्र, मुकेश आचार्य, जयप्रकाश पाण्डेय, विजय पाण्डेय आदि रहे।



कथा में व्यासपीठ का पूजन अर्चन करते श्रद्धालु।

## बीएसए ने शिक्षामित्र के मानदेय आहरण पर लगाई रोक

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड आसपुर देवसरा के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर हैदर के शिक्षामित्र राजमणि सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बता दें कि राजमणि सिंह बूथ संख्या-192 प्रा0वि0 रसूलपुर हैदर के बीएलओ हैं। 3 दिसम्बर को मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान के समय बूथों के भ्रमण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा राजमणि सिंह से उनके बूथ पर फार्म-7 की खराब प्रगति पर दूरभाष पर वार्ता की गई तो अमर्यादित, अनुशासहीनता द्वारा बयान दिया गया। इस पर बीएसए ने मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

# न्यू एंजिल्स के बच्चों ने देखा चित्रकूट का धार्मिक व पौराणिक स्थल

## बच्चों ने चित्रकूट में बंदरों को खिलाया चना व मछलियों को आटे की गोलियां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री के कक्षा-9 व 11 के छात्र-छात्राओं का एक शैक्षिक टूर अपने शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य वीके सोनी के साथ चित्रकूट धाम गया जहां बच्चों ने चित्रकूट धाम के पौराणिक एवं धार्मिक स्थल सीता रसोई, सती अनसुइया, कामतानाथ मंदिर, रामघाट, गुप्त गोदावरी का भ्रमण व दर्शन किया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मछलियों को आटे की गोलियां भी खिलाई। जब मछलियों को आटे की गोलियां खिला रही थी तो वहां बहुत सारे बंदर इन बच्चों की तरफ देख रहे थे। छात्र-छात्राओं को दुकानदारों ने बताया कि ये बंदर न तो काटते हैं और न तो झपटते हैं। इनसे आप लोग डरे नहीं, तब बच्चों ने इनके लिये भी चना खरीदा और बंदरों को जैसे ही चना फेंकना चाहा तो बंदर बच्चों के हाथ से लेकर चना खाया और चले गये। यह देखकर बच्चों में कौतूहल हुआ। उन्हें डर था कि बंदर कहीं काट न लें लेकिन बंदरों के इस तरीके के व्यवहार से वह खुश दिखाई दिये। वैसे बच्चों की सुरक्षा में उनके शिक्षक, शिक्षिकाएं भी साथ में लगी हुई थी। शिक्षक-शिक्षिकाओं में आरके सिंह, विवेक ओझा, सचिन शुक्ला, शिवेन्द्र सिंह, पूनम श्रीवास्तव, शिखा पाण्डेय आदि रहे। स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि सुबह छह बजे निकला टूर पौराणिक स्थलों को देखने और मछलियों को आटे की गोली व बंदरों को चना खिलाने में शाम हो गई तो शिक्षकों ने पंचकोशीय यात्रा का प्रोग्राम निरस्त किया और यह टूर वापस अपने प्रतापगढ़ लौट आया।



चित्रकूट के धार्मिक स्थल पर मौजूद न्यू एंजिल्स की छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण।

# मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने की मांग का वकीलों ने किया समर्थन

## कचेहरी परिसर में याचिकाकर्ता अधिवक्ता को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किये जाने को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मांग के समर्थन में सोमवार को कचहरी में बड़ी संख्या में अधिवक्ता जुटे।

अधिवक्ताओं ने एसोशिएसन की ओर से श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिए केन्द्र सरकार से संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में विधेयक लाये जाने की मांग उठाई है। वहीं सरकार से श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमदभागवत गीता तथा बाल्मीकि रामायण के साथ सनातन संस्कृति के अपमान को लेकर आपराधिक कानूनों में संशोधन विधेयक में इसे राष्ट्रद्रोह का अपराध घोषित किये जाने पर भी जोर दिया है। अधिवक्ताओं ने याचिकाकर्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल को लालगंज सिविल कोर्ट में इस मामले में वाद दायर करने के लिए सराहते हुए सम्मानित भी किया। वहीं ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि उन्होनें अपनी मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भी लिखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर ओझा मुक्कू तथा संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। जूनियर बार एसोशिएसन प्रतापगढ़ के पूर्व महामंत्री केबी मिश्र तथा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी भारत भूमि पर सनातन संस्कृति की गरिमा सुरक्षित किये जाने की मांग की। इस मौके पर अनिल पाण्डेय, विनय सिंह, शिवम सिंह, राहुल गुप्ता, आसिफ सिददीकी, अरूण पासवान, सचीन्द्र सिंह, आशीष श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह भोले, उत्तम सिंह, प्रणव त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।



कचहरी में मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ की मांग के समर्थन में जुटे अधिवक्ता

## रोजगार मेले का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 05 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# शीतलहर से बचाव के लिये डीएम ने जारी की एडवाइजरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपद में आगामी शीतलहर से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा है कि जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को आगामी शीतलहर में राहत एवं बचाव के प्रति जन जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने बताया है की अपने आप को सूखा रखें, ऊनी कपड़े पहने, गर्म पानी पिएं। कोयले को घर के अंदर न जलाएं, फ्रास्टेन एरिया में मालिश न करें, शरीर के कांपने को नजर अंदाज न करें। शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें, कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखें। शीतलहर के दौरान पर्याप्त पानी स्टोर करें क्योंकि पाइपों में पानी जम सकता है। जितना संभव हो घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें, यदि कपड़े गीले हो जाए तो उन्हें तुरंत बदलें इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। दस्ताने के बजाय मिट्टन्स को प्राथमिकता दें, मिट्टन्स अधिक गर्मी और तापावरोधन प्रदान करते हैं। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़े। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं, शराब न पीएं, यह आपके शरीर के तापमान को कम करता है। बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें, शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुनंता, सफेदी या पीलेपान के प्रति सजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी-गर्म-नहीं-(शरीर के अप्रभावित भागों के लिए स्पर्श के लिए आरामदायक होना चाहिए) में डालें। कम्पकंपी को नजर अंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है की शरीर गर्मी खो रहा है। कम्पकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटे। हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को शारीरिक संपर्क, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं, लेकिन मादक पेय न दें। जितनी जल्दी हो सके व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराएं।

# मीरा भवन वार्ड में टैंकर से हो रही जलापूर्ति

## दो दिन पहले खराब हुई थी मोटर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के मीरा भवन वार्ड में पानी की मोटर खराब होने से आए जल संकट को देखते हुए नगर पालिका ने मीरा भवन वार्ड में पानी के टैंकर से जलापूर्ति शुरू कर दी है। इससे वार्ड के लोगों को राहत मिली है।

बता दें कि दो दिन पहले मीरा भवन वार्ड में मोटर खराब हो गई। जब नगर पालिका का पानी बंद हुआ तो लोगों ने इसकी शिकायत की। शिकायत की जानकारी होने पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने वहां तत्काल टैंकर से पानी भेजवान की व्यवस्था की। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अभी मोटर को खोल करके उसकी सफाई की जा रही है। यदि यह मोटर ठीक हो गई तब भी अभी एक हफ्ते लगेंगे और यदि मोटर ठीक न हुई तो नये मोटर लगाने की प्रक्रिया में महीनों लग सकते हैं, तब तक नगर पालिका टैंकर से जलापूर्ति कराती रहेगी।



टैंकर से पानी लेते मीरा भवन वार्ड के लोग।

## चाचा ने भतीजी को किया पीट कर जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर चाचा ने अपनी भतीजी को जमकर मारा पीटा तथा गाली गलौज किया। भतीजी ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डडवा महोखरी गांव की रहने वाली रेखा पुत्री ननकू ने बताया कि जमीनी विवाद के कारण उसके चाचा ने सोमवार की सुबह 8:00 बजे गाली देने लगे जब उसने विरोध किया तो घर में घुसकर उसे मार पीट कर जख्मी कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित भतीजी ने इस संबंध में अपने चाचा के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 8 दिसम्बर को वितरित होगा कम्बल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आगामी 8 दिसंबर को पट्टी क्षेत्र के समाज सेवी संजय मिश्रा गरीब असहाय निर्धन और विकलांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण करेंगे। रमईपुर दिशिनी प्राथमिक विद्यालय पर यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पट्टी तहसील क्षेत्र के सेवापट्टी गांव के संजयमिश्रा हर वर्ष गरीब विकलांग लोगों के मदद के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम रखते हैं। इसके अलावा बेटियों की शादी से लेकर अन्य जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। हर वर्ष वह ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने बताया कि आठ दिसंबर दिन शुक्रवार को रमईपुर दिशिनी गांव के प्राथमिक विद्यालय पर सुबह 11:00 बजे से 5:00 बजे तक कंबल वितरित किया जाएगा(

# सहालग के मौसम में लालगंज चौक पर डग्गा मारी व अतिक्रमण से हलाकान आम आवाम, बेखबर खाकी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कहने को अपना लालगंज नेशनल हाइवे की चकाचैध का रसूख रखता है। इसी अपने लालगंज में तहसील मुख्यालय का ही नही बल्कि आउट लाइन कोर्ट का भी मुख्यालय का रूतबा है। इसी लालगंज के नेशनल हाइवे से अफसर तथा मंत्री भी गुजरा करते है। इसके बावजूद वीआईपी नगर लालगंज का चैक डग्गामारी से त्रस्त है। चैक पर डग्गामारी के साथ नेशनल हाइवे की पटरियों तक पर अतिक्रमण की पीड़ा लोगों को ठीक उसी तरह मुंह चिढ़ा रही है जैसे एक तो करैला दूसरे नीम चढ़ा । रोडवेज बस भी चैक पर इस अतिक्रमण को और वीभत्स बनाये हुए है। खाकी की माहवारी की गुण्डागर्दी भी इस समय लालगंज चैक की निराली शान हुआ करती है। ई रिक्शा तथा तिपहिया वाहन चैक पर सवारी के मोह में लोगों के लिए मुसीबत का दर्द दिये हुए हैं । कहने को चैक पर पुलिस की पिकेट हुआ करती है। किन्तु उसकी पोजीशन गांधी जी के तीन बंदरों से ज्यादा कुछ भी नही नजर आती है। पुलिस सर्किल का लालगंज हेडक्वाटर भी है। सीओ स्तर के अधिकारी भी पैदल गस्त की रोज मीडिया को पोज दिया करते है। मीडिया में सुर्खी बटोरने के लिए निर्दोष और बेगुनाह सब्जी लेने या फिर दवा लेने आये नगर में भोले भाले बाइक सवार जाम के साथ जुमार्ने का भी दर्द सहा करते है। लालगंज में तहसील के लेकर ट्रामा सेंटर तक का अतिक्रमण पढ़ने वाले स्कूली बच्चों, कचहरी के लिए निकले वादकारिओं, वकीलों तथा सुबह शाम जरूरत के लिए नेशनल हाइवे पर निकलने वाले मासूम लोग इस अतिक्रमण को लेकर घण्टो एक ही जगह टस से मस तक नही हो पाते। समाधान दिवस हो या थाना समाधान दिवस व्यापार मण्डल, अधिवंक्ता संघ जैसे संगठन कई बार समस्या के समाधान के लिए अफसरों को ज्ञापन पर ज्ञापन देते आ रहे है। न तो अफसरों के कान में जू रेंग रही है और न ही खाकी की बेशर्मी पर मामूली छीटा तक पड़ रहा है। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर दुबे, संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष मिश्र, पूर्वसभासद पप्पू जायसवाल, आचार्य राजेश मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश तिवारी, पूर्व बीडीसी गीता सिंह आदि का कहना है कि बाजार में अतिक्रमण तथा डग्गामारी से लोगों का रहन सहन प्रभावित है। इन लोगों ने प्रशासन को दो टूक कहा भी है कि समस्या जल्द न सुलझायी गयी तो चैक पर धरना प्रदर्शन भी शुरू होगा।

## गछात्र/छात्राएं 08 दिसम्बर तक करें आनलाइन आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9-10) में आनलाइन आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण हेतु प्रस्तावित/संशोधित समय सारिणी निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 9-10 के छात्र/छात्रायें 08 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा 11 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। 15 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-हिसामपुर बहरेमऊ, बरलहा, गौसपुर, अमिरसा, गोराजू, पडरिया सुकवारा, फतेहपुर बेला,टेनशाह आलमाबाद, गौहानी कला, कोटिया, रसूलपुर सुकवारा एवं भगवतपुर में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गाँवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। ह्रमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना।

## निमंत्रण देने आए रिस्तेदार को पड़ोसी ने पीटा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गांव का शिव बाबू पुत्र छोटे लाल ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि अपने नये मकान का निर्माण कार्य पूरा करने के बाद गृह प्रवेश में रिस्तेदारो के यहां पहुंच कर निमंत्रण दे रहा था। तीन दिसम्बर को अपने भांजे के साढू लाल चन्द्र पुत्र सीता राम निवासी मलाक भारत थाना चरवा के यहां गृह प्रवेश का निमंत्रण देने आया था। शाम करीब छः बजे निमंत्रण दे कर अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही गांव के बाहर पहुंचा ही था। पहले से घात लगाए बैठे रिस्तेदार के पड़ोसी उदल व तीरथ पुत्रगण स्व सीता राम व मोनू पुत्र फूलचंद्र व सतीश पुत्र उदल ने मोटरसाइकिल रोक कर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने गाली का विरोध किया तो सभी लोग एक जुट होकर लात घूंसा,डण्डा से मारे पीटे जिससे पीड़ित की दाहिनी आंख व शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने चरवा थाना पहुंच कर चार लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। चरवा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित को इलाज हेतु भेजा।

# जय मां दुर्गे इंटर कालेज के 2 बाल वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय स्तर के लिया हुआ चयन

चयनित बाल वैज्ञानिकों का नगर आगमन पर विद्यालय परिवार ने किया भव्य स्वागत




**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के विद्यालय स्कूल एक समय नकल मंडी के रूप में प्रदेश स्तर पर विख्यात थे समय बदला विद्यालय परिवारों का पढ़ाई,खेल कूद पर रुचि बढ़ी ।आज नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र छात्राएं अपने हुनर प्रतिभा कौशल विकास के दम पर प्रदेश एवम देश में अपनी प्रतिभा और पढ़ाई की रुचि का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहें। बता दें कि राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता 2023 विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल मिर्जापुर में 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मंडलों से चयनित बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभा किया इस प्रतियोगिता में जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज अमिरतापुर अझुवा कौशांबी के दो बाल वैज्ञानिक आयुष कुमार व अनुराग गुप्ता का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ इन बाल वैज्ञानिकों ने नगर पंचायत अझुवा में बदलते मौसम में मनुष्यों, पशुओं एवं पेड़ पौधों पर होने वाली बीमारियों का तुलनात्मक अध्ययन किया। लोगों को बदलते मौसम में जल के उपयोग के बारे में जागरूक किया वह जल जनित बीमारियों का सर्वे कर आने वाली जल जनित रोगों से होने वाली समस्याओं का समाधान भी दिया आज सोमवार दोनों बाल वैज्ञानिक ज्योंहि नगर क्षेत्र की सीमा में प्रवेश किया विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य सुनील साहू, टीम के मार्गदर्शक संकल्प त्रिपाठी व समस्त शिक्षक गणों ने बच्चों के साथ पहुंच कर स्वागत करते हुए दोनों बाल वैज्ञानिकों का माला फूल ढोल नगाड़े से स्वागत किया है एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बसपा के पूर्व चेयरमैन से प्रशासन ने बेश कीमती जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**पूर्व चेयरमैन ने कहा समझौते में प्रशासन ने दी थी जमीन बुलडोजर की कार्यवाई गलत**

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर के मुख्य मार्ग पर स्थित नलकूप विभाग की बेशकीमती जमीन तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराई है। बुल्डोजर कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जे के आरोपी पूर्व चेयरमैन से जमीन खाली कराकर विभाग को वापस कर दी गई है। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार कार्यवाही के संबंध में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए, जबकि आरोपी बने पूर्व चेयरमैन ने तहसील प्रशासन पर गुमराह होकर कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के मंझनपुर समदा रोड के मुख्यमार्ग पर एलआईयू का आफिस संचालित है,लघु सिंचाई विभाग के नलकूप के लिए आवंटित जमीन पर यह एलआईयू का आफिस संचालित है। नलकूप से सटी हुई जमीन बसपा के पूर्व चेयरमैन नरेश केसरवानी की भूमिधरी जमीन उनकी माता जी कमला देवी के नाम पर दर्ज है। इस जमीन को आधार बना कर पूर्व चेयरमैन नरेश केसरवानी ने लघु सिंचाई विभाग की जमीन पर अपना निर्माण करा लिया। इसके पीछे नरेश केसरवानी का कहना है कि जिला स्तरीय अफसरो ने साल 2013 मे उनकी जमीन से लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के दफ्तर के लिए आम रास्ता की मांग की थी। जिसमे उन्होंने नलकूप विभाग के अफसर से समझौता करते हुए चौड़ाई की जमीन के बराबर जमीन लंबाई में 41/42 दी। जिसका समझौता पत्र भी उनके पास मौजूद है। लघु सिंचाई विभाग के अफसरों ने तहसील के अधिकारियों को गुमराह कर बिना किसी पूर्व नोटिस के उनका निर्माण गिरा दिया है। इस तहसील प्रशासन की एक पक्षीय कार्यवाही है। वह इसके खिलाफ बड़े राजस्व अधिकारियों को कटघरे में खड़ा करते हुए अदालत की शरण में जाएंगे। बुल्डोजर कार्यवाही मे सिंचाई विभाग के अफसरों के साथ तहसील मंझनपुर के नायब तहसीलदार मोबीन अहमद सहित मंझनपुर पुलिस मौके पर मौजूद रही। अवैध कब्जा 41/42 लंबाई चौड़ाई डेढ़ बिस्वा भूमि का निर्माण ढहा दिया गया है। कार्यवाही की अगुवाई कर रहे नायब तहसीलदार मोबीन अहमद कार्यवाही के बारे में कुछ भी बयान देने से बचते नजर आए। उनका कहना है कि वह केवल उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन कर रहे है।

# तीन राज्यों में मिले प्रचंड बहुमत को लेकर भाजपाइयों ने बांटे लड्डू



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंझनपुर में सोमवार को जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने जिला प्रभारी श्री अवधेश चंद्र गुप्ता की अगुवाई में ₹विकसित भारत मिशन यात्रा₹ बैठक का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दीपचंद्र दिवाकर द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न जगह पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा प्रचंड बहुमत को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई पार्टी के समस्त कार्यकताओं के बीच लड्डू का वितरण कर जश्न मनाया इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा, ह्रपूरी ईमानदारी से डटे रहो, गांव-गांव तक पहुंचते रहो। विकसित भारत संकल्प यात्रा सबके प्रयास से ही पूरी होगी।ह्व इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गाँव, गरीब के प्रति समर्पित है । पिछले दशकों में जाति, धर्म ,भाषा एवं क्षेत्र के आधार पर राजनीति होती थी जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलकर विकास को राजनीति और शासन का केंद्र बिंदु बनाया है भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र सरोज फौजी एवं जिले के पदाधिकारी संजय जयसवाल आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा भाई अजय पांडे राकेश पांडे सत्यम केसरवानी जितेन साहू गोलू सिंह पटेल एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष समेत भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिता-पुत्र वारंटी अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 129/21 धारा 498अ, 323, 504, 506, 452 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट में वारंटी मोहम्मद कलीम पुत्र मोहम्मद हनीफ वा मोहम्मद हनीफ पुत्र मोहम्मद अब्दुल मजीद निवासी गाना रामपुर सुहेला थाना कोखराज के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद लंबे समय से दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी पुलिस के हत्थे पिता पुत्र लग गए और कोखराज पुलिस ने दोनों वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार चौरसिया चौकी प्रभारी सिंधिया कांस्टेबल भूप नारायण पाल कांस्टेबल अनुपम सिंह शामिल रहे

## पिपरी पुलिस ने दो वारंटी किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्तों सूरजपाल पुत्र रोशन पासी और राधे पासी पुत्र बचाई पासी निवासी गेरिया को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने वारंटी अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### अधिवक्ता के साथ मारपीट पर कार्यवाही न होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार



**चायल कौशाम्बी।** अधिवक्ता दिव्यमणि के साथ 28 नवंबर को कुछ अराजक तत्वों ने मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया था मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई थी मामले में कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने अराजक तत्वों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है जिससे बार एशोसिएशन चायल के अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अधिवक्ता एकत्रित हुए सभा करने के बाद अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुए कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है उप जिला अधिकारी चायल सहित विभिन्न अधिकारियों को ज्ञापन की प्रतिलिपि अधिवक्ता संघ बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश्वर सिंह एडवोकेट ने सौपा है इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 09 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, 138एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी,स्टाम्प वादो,उपभोक्ता फोरम वादों,राजस्व वादों,चकबंदी वादों,नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों,पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले,उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले,आयुध अधिनियम के प्रकरण,बीमा सम्बन्धी वाद,स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद,सेवा/वेतन सम्बन्धी वाद सेवानिवृत्त परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण,किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के प्रकरणों का निस्तारण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेंगा। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव ने बताया कि दिनांक 06 दिसम्बर से 08 दिसम्बर 2023 तक दीवानी न्यायालय में लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण करायें।

### शौच के लिए गई नाबालिग के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में खेत की तरफ शौच के लिए गई नाबालिग किशोरी के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म किया है,पीड़िता नाबालिग के शोर मचाने पर पहुंचे परिजनो को धमकाते हुए आरोपी फरार हो गया,गंभीर हालत में परिजनो ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया और जांच में जुट गई। सराय अकिल थाना क्षेत्र की 14 साल की एक नाबालिग किशोरी के साथ उसके गांव के ही एक युवक हिमांशु सिंह ने खेत की तरफ शौच को जाते समय पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया,दुष्कर्म के दौरान शोर मचाने पर किशोरी के परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपी हिमांशु सिंह धमकी देते हुए फरार हो गया,परिजनो ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचना दी।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कल एक नाबालिग के साथ उसके गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया था,सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी हिमांशु सिंह पुत्र बुद्धिमान सिंह को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से गोवंश गंभीर रूप से लहूलुहान

**महगाव कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैया देह माफी गांव के पास रेलवे लाइन पार करते समय एक छुट्टा गोवंश सांड ट्रेन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से लहूलुहान हो गया जख्मी हालत में रेलवे पटरी के पास कई घंटो से गोवंश तड़प तड़प कर मर रहा है। गौ रक्षा का ढोंग करने वाले लोगो को इनकी दुर्दशा नहीं दिखाई पड़ी है

### हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त फूलचंद पुत्र जगन्नाथ निवासी बड़ी पवैया थाना करारी को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त बबलू पुत्र चुन्नू निवासी रहीमपुर मोलानी थाना करारी को गिरफ्तार किया है आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा था विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय पेश किया है।

### पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त धनंजय पुत्र गोपाल निवासी बिछियावां थाना खागा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर पॉक्सो एक्ट का मुकदमा 4 वर्ष पहले दर्ज हुआ था पुलिस लंबे समय से अभियुक्त की तलाश कर रही थी अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद थाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सड़क पर भरा पानी ग्रामीणों को आने-जाने में होती है दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बारा विकासखंड के गांव पहाड़िया में सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को आने जाने मे दिक्कत होती है सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़कों में पानी भरा रहता है आए दिन सड़क पर गिर कर लोग चोटिल हो रहे हैं बार-बार ग्रामीण ग्राम प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय तक सड़क मरम्मत की मांग कर रहे हैं लेकिन ग्रामीणों की आवाज सुनने वाला शायद योगी सरकार में कोई नहीं है इलाके के सांसद और विधायक भी जन समस्याओं को दूर करने के लिए बड़ी- बड़ी बात तो करते हैं लेकिन हकीकत में जन समस्याएं दूर नहीं कर पा रहे हैं चुनाव होने के बाद नेता या तो अधिकारी के आगे पीछे टहलते देखे जाते हैं या फिर इलाके से गायब हो जाते हैं जिससे आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पता है आने वाले लोकसभा चुनाव में इलाके के लोग सांसद प्रत्याशियों को करारा जवाब देने को तैयार दिखाई पड़ रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय हल्की बारिश में सड़क में पानी भर जाने से आने जाने में अधिक दिक्कत होती है योगी सरकार की योजना को ग्राम प्रधान चौपट कर रहे है जिससे ग्रामीणों के बीच जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है सड़क में पानी भरे रास्ते से प्रतिदिन स्कूली बच्चों को स्कूल आना जाना पड़ता है स्कूली बच्चे मुसीबत से स्कूल पहुंच पाते हैं बीमार बुजुर्ग भी अस्पताल और बाजार इसी रास्ते से जाते हैं लेकिन उसके बाद भी ग्राम पंचायत से लेकर विकासखंड कार्यालय तक सड़क बनाने का प्रयास नहीं हो सका है इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए जल भराव वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# जल निगम के बेलगाम ठेकेदारों पर अफसर नहीं कर सके कार्यवाही

**हर घर जल योजना में पाइप लाइन का गड्ढा खोदकर अधूरा कार्य कर फरार हुए ठेकेदार पर आखिर क्यों मेहरबान है अधिकारी**



**कौशाम्बी।** जल निगम द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में कई महीने पूर्व शुरू कराया गया था। पाइप लाइन बिछाए जाने की इस कार्य में शिथिलता की शिकायत अधिकारियों से बार बार हुई जिस पर जेसीएमसी के निर्माण कार्यों की जांच करने मुख्य विकास अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। जहां तमाम खामियां जांच के दौरान मिली थी। इस पर विभागीय अधिकारियों के साथ ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पाइपलाइन बिछाए जाने का निर्देश दिया था। लेकिन मुख्य विकास अधिकारी का निर्देश जल निगम के अधिकारी और ठेकेदारों ने ठेंगा दिखाते हुए अधूरा कार्य कर के फरार हो गए हैं। जल निगम के ठेकेदारों का यह कारनामा पूरे जिले में इसी तरह से संचालित हो रहा है बेलगाम ठेकेदार आम जनता को मुसीबत में डाल रहे हैं अफसर तमाशबीन बने हैं आखिर अफसर से जल निगम के ठेकेदारों का क्या रिश्ते हैं जिससे ठेकेदारों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है कई महीने बीत जाने के बाद बेलगाम ठेकेदारों की लगाम अफसर टाइट नहीं कर सके हैं जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। बेलगाम ठेकेदारों का आलम यह है कि पूरे जिले के गांव-गांव में अव्यवस्था के साथ-साथ बलीपुर टाटा गांव में जल वन मिशन के अंतर्गत फेस टू जेसीएमसी के द्वारा पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य अधूरा छोड़ कर ठेकेदार फरार है। करोड़ों की लागत के पाइपलाइन बिछाए जाने में विभागीय खेल शुरू हो रहा है। गांव में ठेकेदार गड्ढे खोद कर विलुप्त हो गए हैं। लेकिन पाइप ना डाले जाने से गड्ढे पूरे नहीं हो सके हैं। ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़कर 8 माह से फरार हो गया है। ठेकेदारों पर विभागीय अधिकारियों का चाबुक नहीं चल पा रहा है। सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों के बीच कमीशन- खोरी का हिस्सा विवाद का कारण बन गया है।

## आज आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी की ग्राम पंचायत-बारातफरिक, पारा हसनपुर, पट्टी परवेजाबाद, बसुहार, बेरूई एवं चम्पहा बाजार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाखा, तैयबपुर मगौरा, जलालपुर बोरियों, मोहिउद्दीनपुर बहुरंगी, नदौली एवं बरौली में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 05 दिसम्बर 2023 को ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकार एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## सूने घर का ताला तोड़कर दस बकरी चोरी

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगांव गांव में रविवार की रात चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर दस बकरी पार कर दी। महगांव निवासी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उसने बकरी पाल रखी है। रात में चोर उसकी बकरी वाले घर का ताला तोड़कर अन्दर बंधी दस बकरियां उठा ले गए। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि सफेद रंग की कार से पूरब की ओर बकरियाँ ले गए बकरे के चिल्लाने पर वह उठा तो देखा उसके घर के दरवाजे की कुंडी बाहर से बन्द थी शाहिद ने बताया कि वह ऊपर सोता है। बकरे की आवाज सुनकर नीद खुली तो वह ऊपर से नीचे आता तब तक उसके सामने ही कार सवार चोर दस बकरियां को लेकर रफूचक्कर हो गए। उसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना संदीपन घाट पुलिस को दिया । मामले की सुचना पर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

# मां की पुण्यतिथि पर शिक्षक दम्पत्ती ने 1111 कन्याओं को कराया भोजन

**ठंड से बचाव को बुजुर्गों को बाटे कम्बल**



**कौशाम्बी।** कन्याओं को भोजन कराना माता की सेवा करने के बराबर है,इसी को चरितार्थ करते हुए सोमवार को कड़ा ब्लाक के सौंरई बुजुर्ग में शिक्षक दंपती ने अपनी मां स्व. रामजानकी साहू की छठवीं पुण्यतिथि पर एक हजार एक सौ ग्यारह कन्याओं को भोजन कराते हुए एक सौ एक असहायों व निर्बलों को कंबल वितरण किया। अपनी मां की पुण्यतिथि के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा जिलाध्यक्ष ने गांव के असहायों व निर्बलों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा की शिक्षक दंपती के इस कार्य से अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज के रह रहे निर्बल लोगों की हर संभव मदद को आगे रहना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आए खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा सुनील कुमार ने शिक्षक दंपती के कन्याओं को भोजन कराने को लेकर कहा की कन्याओं को भोजन कराना एक पुनीत कार्य है। इसके साथ ही कन्याओं को शिक्षा में अग्रणी लाने की आवश्यकता है जिससे बालिकाएं भी हर क्षेत्र में आगे जा सके। सौंरई बुजुर्ग निवासी अजय और उनकी पत्नी शशि देवी गांव के ही कंपोजिट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। शिक्षक दंपती ने स्कूल के बच्चों के शिक्षण कार्य के साथ साथ उनके अभिभावकों और गांव ने निर्बल लोगों का हमेशा सहयोग करते हैं। शिक्षक ने कहा की उन्हे समाज में लोगों की सेवा करना पुण्य का काम लगता है इसलिए वह सदैव समाज के हित का कार्य करने को आगे रहते है। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री रावेंद्र प्रताप सिंह, संजय पांडेय, धनराज विश्वकर्मा, पुष्कर त्रिपाठी, सत्यवती साहू, जय प्रकाश साहू, गौरीशंकर साहू सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संपादक की कलम से

# नये भारत-सनातन भारत को मजबूती देने वाले नतीजें

भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है इन एक तरफा परिणामों ने न केवल मतदाता के जागरूक होने का संकेत दिया है बल्कि भारत को भारतीय मूल्यों के अनुरूप विकसित होते देखने की उसकी मंशा को भी उजागर कर दिया है, इसलिये इन चुनावों में तुष्टीकरण, साम्प्रदायिकता, जातीयता के बजाय विकास एवं विकसित भारत के नाम वोट पड़े। मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि भारत में लोकतंत्र कायम है और इसकी जीवंतता के लिये मतदाता जागरूक है। मतदाता को ठगना या लुभाना अब नुकसान का सौदा है। इन चुनावों में मोदी लहर बरकरार रही, भले ही आप श्रेय चाहे ह्यलाड़ली बहनाह्न को दें, तीन तलाक को दें, तीन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को दें, सनातन मूल्यों को दे। देश में पहली बार एक दल के नाम पर चुनाव हुए, नये भारत-सशक्त भारत के नाम पर चुनाव हुए, इन चुनावों में व्यक्ति गौण हो गए। ये चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण एवं उत्साह वाले इसलिये बने कि इन्हीं चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा था। उस लिहाज से निस्संदेह तीनों राज्यों में बीजेपी को मिली प्रचंड एवं स्पष्ट ऐतिहासिक जीत बहुत बड़ी है और बहुत कुछ बयां कर रही है।

अगले लोकसभा चुनाव से चार माह पहले हुए इन विधानसभा चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा था। उसी नजरिये से देखें तो यह सेमीफाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आता है। उत्तर भारत के तीनों राज्यों में भाजपा ने जबर्दस्त जीत हासिल की है, जबकि दक्षिण भारत के एक और राज्य में कांग्रेस सत्ता पाने में सफल रही है। लेकिन वहां भी भाजपा ने एक सीट से 8 तक पहुंचना भाजपा के लिये शुभता का संकेत है। आज भी किसी दल के नेता में यह क्षमता नहीं है कि देश की बजाय पार्टी के ध्वज तले आगे बढ़ सके, वे ही दल एवं नेता प्रभावी है जो देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को नये शिखर देने के संकल्पबद्ध है, न कि षड़यंत्रपूर्वक किन्हीं अल्पसंख्यको को एक दल-विशेष को वोट देने को उकसा रहे हैं। परिवारवादी सोच को नकार दिया, भ्रष्टाचार के खिलाफ जमीन पर सच देखने को मतदाता आतुर है, राष्ट्र को तोड़ने की साजिशों पर भी मतदाता सतर्क एवं सावधान हुआ है। अगले लोकसभा चुनावों में अधिक समय बाकी नहीं है। जनता की आंखें सरकारों के कामकाज पर टिकी हुई रहेंगी। कई प्रकार की अपेक्षाएं बाट जोह रही है। लघु जनादेश ही बड़े जनादेश का आधार बनता है। इसलिये इस बार का जनादेश विशेष है, जनता के मन में क्या है, उसकी अभिव्यक्ति है। पिछले सरकारों के दौर में सत्ता-संघर्ष के चलते जाति-धर्म और सम्प्रदायों के नाम पर देश पीछे जा रहा था, विकास अवरूद्ध था, निवेश ठहरा हुआ था, रोजगार खो गया था, देश के भीतर एवं सीमाओं पर आतंकवाद को पनपाया जा रहा था, हिंसा एवं आतंकवादी घटनाओं से देश की आत्मा लहूलुहान थी। कोई नए भारत का, औद्योगिक भारत का सपना नहीं देख रहा था। राष्ट्रवाद की चर्चा करना पाप जैसा लगता था। इन हालातों को बदलने के लिये मोदी-संकल्पों ने फिजां ही बदल दी। दलों से ऊपर उठकर देशहित, राष्ट्रीयता, विकास एवं आमजन सर्वोपरि हो गया है, इसकी सार्थक निष्पत्तियां एवं स्वर लहरियां इन चुनावों परिणामों में सुनी जा सकती है।

दरअसल, तीन राज्यों में हार से कांग्रेस की राजनीतिक चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं। यह हार अपने आप में बड़ा सदमा है, कांग्रेस की सत्ताकांक्षा एवं उससे जुड़ी परिवारवादी सोच, बड़बोलापन, मुक्त रेवड़ियों का सहारा, मोदी विरोध के नाम पर घटिया शब्दावली का प्रयोग, ऐसे कारणों की समीक्षा कांग्रेस को करनी ही पड़ेगी। भाजपा की जीत का श्रेय मोदी को जाता है, पर कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी कौन लेगा? अब आसन्न चुनौती अगले लोकसभा चुनाव और विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के आंतरिक समीकरण होंगे। नया विपक्षी गठबंधन बनने के चंद महीने में हुए इन विधानसभा चुनावों में एकजुटता के बजाय अंतर्विरोधों का ही संदेश गया और बहुत कर्कश स्वर में गया। इन चुनाव परिणामों से न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे विपक्ष के नेताओं को सीखना होगा, सबक लेना होगा। लोकलुभावन योजनाएं एवं मुफ्त-संस्कृति काम नहीं आयेगी। महत्वाकांक्षा एवं सबसे पुरानी पार्टी होने के अहंकार से बाहर आना होगा। बुनियादी स्तर पर संगठन और आमजनता के बीच जाकर विश्वास जीतना होगा, नीति एवं नियत को बदलना होगा। भारत की राजनीति एक नये बदलाव की ओर अग्रसर है, उस बदलाव के बिन्दुओं को स्वीकारना होगा।

तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत ने भाजपा का मनोबल निश्चित रूप से बढ़ेगा। भाजपा एवं मोदी की सोच, नीतियां, योजनाएं एवं दृष्टिकोण भी उनको अधिक साहसित एवं मनोबली बनायेंगे। उनके आदिवासी विकास का संकल्प, महिलाओं की भूमिका और 33 प्रतिशत आरक्षण का आश्वासन, समान नागरिक संहिता, सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, युवाओं के लिये रोजगार, विश्वगुरु बनाने की कार्ययोजना, देश की सुरक्षा एवं साख जैसे गंभीर मुद्दों के निस्तारण के लिए भी मोदी ही दम रखते जान पड़ते हैं। देश को आगे बढ़ाना है तो तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मोदी ही गारण्टी की गारण्टी हैं, लेकिन इसमें अहंकार नहीं है, मोदी ने अपनी जगह पार्टी एवं देश की जनता को ही प्रमुखता दी, देश की जनता को हमेशा आगे रखा है। उन्होंने चुनावी सभाओं में साफ कहा कि पार्टी का चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि कमल का फूल है, साफ-सुथरी नीतियां है, देश को सशक्त बनाने का संकल्प है। निश्चित ही इस बार के चुनाव परिणाम सनातन भारत को मजबूती देने वाले है, सनातन का अर्थ सच्चा भारत, सच्ची मानवीयता एवं उदात्त जीवन मूल्य।

तीन राज्यों का जनादेश का केवल राजनीतिक क्षेत्र में ही महत्त्व नहीं है, इसका सामाजिक क्षेत्र में भी महत्त्व है। जहाँ राजनीति में मतों की गणना को जनादेश कहते हैं, वहां अन्य क्षेत्रों में जनता की इच्छाओं और अपेक्षाओं को समझना पड़ता है। जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझना और आचरण करना सही कदम होता है और सफलता सही कदम के साथ चलती है। भारत के लोगों ने इस देश की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था के औचित्य को न केवल स्थापित किया है बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि मतदाता ही लोकतन्त्र का असली मालिक होता है। एक दिन का राजा ही हमेशा वाले राजा से बड़ा होता है। लोकतन्त्र की खासियत इसी बात में है कि मतदाता हर पांच वर्ष बाद अपनी विकास की बात करने वाले एवं स्वस्थ मूल्यों के धारकों को उनकी काबिलियत के मुताबिक चुनता है। तीनों राज्यों में मतदाताओं को लगा कि भाजपा का शासन एवं नीतियां उनके लिए ठीक है। इन चुनावों ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की सत्ता लालसा पर लगाम लगा दी है। उनके लिये ये नतीजे खतरे की घंटी भी है और एक चुनौती भी है कि मतदाताओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए, न अपनी जागीर समझना चाहिए। आज का मतदाता जागरूक है और परिपक्व भी है। अवसर आने पर किंग मेकर की भूमिका निभाने वाली जनता उसकी भावनाओं एव ंअपेक्षाओं से खिलवाड़ करने वालों को जमीन भी दिखा देती है। कांग्रेस मुक्त भारत की ओर अग्रसर पार्टी को तेलंगाना की जीत संजीवनी देने वाली है, यह जीत कांग्रेस के लिए लिए एक बड़ी राहत भी देने वाली है। लेकिन उसे समझना होगा कि रेवड़िया बांटने की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और बिना विचारधारा बहुत दूर तक नहीं जाया जा सकता।

निश्चित ही भाजपा ने इन राज्यों में नया इतिहास रच डाला और नया कीर्तिमान स्थापित किया। एक बार फिर यह साबित हुआ मोदी एक राष्ट्रीय नेता एवं जन-जन की घड़कन है। प्रांतों में नरेन्द्र मोदी का वर्चस्व कायम है। तमाम आलोचनाओं के बावजूद इन नतीजों ने साबित किया कि मोदी आज भी देश के सबसे लोकप्रिय और बड़े नेता है और विकास के सारथी है। देश की जनता अब विकास पर वोट डालती है न कि मुफ्त की सुविधाओं के झांसे में आती है, उसे सुशासन एवं सुनीतियां ही स्वीकार्य है। भाजपा की जीत का अर्थ निश्चित ही सुशासन भी है और इससे तीनों राज्यों के लोगों के कल्याण व विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। इसी की अपेक्षा के लिये जनता ने एकतरफा वोट डाले। मोदी ने राजनीति को एक नई दिशा दी है और वह है कि राजनीतिक चालें शुद्ध विकास एवं स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर ही लम्बा जीवन पा सकती है।

# सैम बहादुर के बहाने याद जेनरल मानेकशॉ की

**आर.के. सिन्हा**



सैम हॉरमुसजी फेमजी जमशेदजी मानेकशॉ को देश 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भारतीय थल सेना का कुशल नेतृत्व करने वाले एक सेनाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञ भाव से याद करता है। वे फील्ड मार्शल का पद हासिल करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे। अब उनके जीवन पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के रीलिज होने के साथ ही यह मौका है कि हमारे सारे देशवासी खासकर के युवा पीढ़ी उनकी शख्सियत को फिर से जाने-समझे। उन्हें सैम मानेकशॉ और सैम बहादुर भी कहा जाता था। वे 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने थे। इससे पहले उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के साथ-साथ भारत की चीन और पाकिस्तान के साथ हुई तमाम जंगों में अहम भूमिका निभाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी,जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था।

दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आएंगे। इस बाबत जेनरल जगजीत सिंह अरोरा और जेनरल जैकब से लेकर सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जाएगा। उस जंग में भारत की विजय पर बात तब तक अधूरी रहेगी जब तक अरुण खेत्रपाल के पराक्रम की चर्चा ना हो जाए। उनके पिता भी उस जंग में लड़ रहे थे। अरुण खेत्रपाल ने पंजाब-जम्मू सेक्टर के शकरगढ़ में शत्रु के दस टैंक नष्ट किए थे। वे तब मात्र 21 साल के थे। इतनी कम आयु में अब तक किसी को परमवीर चक्र नहीं मिला है। नोएडा का अरुण विहार सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के नाम पर ही है। उन्होंने इंडियन मिलिट्री अकादमी से जून, 1971 में ही ट्रेनिंग खत्म की। उसी साल दिसंबर में पाकिस्तान के साथ जंग शुरू हो गई। अरुण खेत्रपाल की स्क्वेड्रन 17 पुणे हार्स 16 दिसम्बर 1971 को शकरगढ़ में थी। वे टैंक पर सवार थे। टैंकों से दोनों पक्ष गोलाबारी कर रहे थे। वे शत्रु के टैंकों को बर्बाद करते जा रहे थे। इसी क्रम में उनके टैक में भी आग लग गई। वे शहीद हो गए। लेकिन उनकी टुकड़ी उनके पराक्रम को देखकर इतनी प्रेरित हुई कि वह दुश्मन की सेना पर टूट पड़ी। युद्ध में भारत को सफलता मिली। अरुण को शकरगढ़ का टाइगर कहा जाता है। 1971 की जंग से जुड़ी एक यादगार फोटो को देखकर भारत की कई पीढ़ियां बड़ी हुईं हैं। उस फोटो को देखकर हरेक हिन्दुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इसमें भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा के साथ पाकिस्तानी सेना के लेफि्टनेंट जनरल अमीर अब्दुल्ला खाँ नियाजी बैठे हैं। नियाजी अपनी सेना के आत्मसमपर्ण करने संबंधी एक पेपर पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उस चित्र में भारतीय सेना के कुछ आला अफसर प्रसन्न मुद्रा में खड़े हैं। उनमें जनरल जे.एफ.आर जैकब भी हैं। युद्ध संवाददाता के रूप में मैंने जेनरल जैकब के साथ काम किया है और देखा है कि वे किस जांबाज किस्म के सेना नायक थे। 1971 के युद्ध में जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। भारत में जन्मे वे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने नियाजी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था।

जैकब के युद्ध कौशल का ही परिणाम था कि नब्बे हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों ने अपने हथियारों समेत भारत की सेना के समक्ष घुटने टेके। आज के दिन जेनरल जैकब राजधानी के हुमायूं रोड के यहूदी कब्रिस्तान में चिर निद्रा में हैं।

अगर बात जनरल अरोड़ा की करें तो उन्होंने 1971 की जंग में भारतीय सेना को छोटी-छोटी टुकड़ियों में बांटकर पूर्वी पाकिस्तान में घुसने के आदेश दिये थे। उनकी इस रणनीति की वजह से ही हमारी सेना देखते ही देखते ढाका पहुंच गई थी। जरनल अरोड़ा ने जीवन भर 1984 में सिख विरोधी दंगों के दोषियों को दंड दिलवाने के लिए लगातार संघर्ष किया था।

उधर, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों भी 1971 की जंग के एक महान नायक थे। आपने उनके शौर्य की कथाएं अवश्य सुनी होंगी। जब जंग चालू हुई वे तब राजधानी के रेस कोर्स क्षेत्र में रहते थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना के गले में अंगूठा डाल दिया था, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान सहायक वायुसेनाध्यक्ष के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे, जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। इदरीस हसन ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए इसका बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। तो यह कोई दावा नहीं कर सकता कि उसकी वजह से भारत किसी जंग में जीता।


बहरहाल, सैम मानेकशॉ को प्यार से सैम बहादुर इसलिए कहा जाता था। क्योंकि, उनका संबंध गोरखा रेजीमेंट से था। वे जब सेनाध्यक्ष थे तब आर्मी हाउस की निगाहबानी गोरखा रेजीमेंट के जवान ही किया करते थे। बता दें कि राजधानी में 4, राजाजी मार्गके बंगले को आर्मी हाउस कहा जाता है। इसी में सेनाध्यक्ष रहते हैं। इसी में जनरल के.एम.करिय्पा, जनरल के. सुंदरजी, एन.सी. विज जैसे महान सेनाध्यक्ष रहे हैं। देश की आजादी के बाद से ही सेनाध्यक्ष इधर ही रहते रहे हैं। सैम मानेकशॉ भी भारतीय सेनाध्यक्ष के पद पर रहते हुए 4, राजाजी मार्ग के आर्मी हाउस में ही रहा करते थे। कहते हैं कि वे सुबह अपने बंगले के बाहर भी सैर करने के लिए निकल जाया करते थे। उनके साथ उनकी पत्नी भी हुआ करती थीं। वहां पर अगर कोई शख्स सड़क पर चलते हुए उन्हें नमस्कार करता तो वे उसका आदरपूर्वक उत्तर भी देते थे। उनमें जनरल पद की ठसक नहीं थी।

खैर, सैम मानेकशॉ के जीवन पर बनी फिल्म से देश की युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी मिलेगी। सरकार ने उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर भी प्रमोट कर दिया था। हालांकि, वे 1975 के आस-पास दिल्ली से चले गए थे। उसके बाद उनका दिल्ली आना-जाना कम ही होता था। मानेकशॉ की 94 वर्ष की आयु में 27 जून 2008 की सुबह 12:30 बजे तमिलनाडु के वेलिंग्टन के सैन्य अस्पताल में मृत्यु हुई थी। फिर वहां ही उनकी सादगी से अंत्येष्टि कर दी गई थी। सैम मानेकशॉ की मृत्यु के ज्यादातर लोगों की राय यही थी कि सरकार को सैम मानेकशॉ का अंतिम संस्कार दिल्ली में पूरे सैनिक सम्मान से करना चाहिए था।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# महर्षि अरविन्द हैं आध्यात्मिक क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर

**(ललित गर्ग)**



देश के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविन्द देश की आध्यात्मिक क्रांति की के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, समाज-सुधारक, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्त्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने ह्यक्रमविकासह्न का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। पर हमारे सामने समस्या यह है कि हम कैसे मापे उस आकाश को, कैसे बांधे उस समन्दर को, कैसे गिने बरसात की बूंदों को? अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है।

क्रांतिकारी महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गए। अरविन्द ने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। उनका पूरे विश्व में दर्शन शास्त्र पर बहुत प्रभाव रहा है और उनकी साधना पद्धति के अनुयायी सब देशों में पाये जाते हैं। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के पिता डॉक्टर कृष्णधन घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया। उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में ही आई० सी० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। इसके साथ ही उन्होंने अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, ग्रीक एवं इटैलियन भाषाओं में भी निपुणता प्राप्त की थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। इनकी प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया। बडौदा में ये प्राध्यापक, वाइस प्रिंसिपल, निजी सचिव आदि कार्य योग्यतापूर्वक करते रहे और इस दौरान हजारों छात्रों को चरित्रवान देशभक्त बनाया। 1896 से 1905 तक उन्होंने बड़ौदा रियासत में राजस्व अधिकारी से लेकर बड़ौदा कालेज के फ्रेंच अध्यापक और उपाचार्य रहने तक रियासत की सेना में क्रान्तिकारियों को प्रशिक्षण भी दिलाया था। हजारों युवकों को उन्होंने क्रान्ति की दीक्षा दी थी।

लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया। पैसे की जरूरत होने के बावजूद उन्होंने कठिनाई का मार्ग चुना। अरविन्द कलकत्ता आये तो राजा सुबोध मलिक की अट्टालिका में ठहराये गये। पर जन-साधारण को मिलने में संकोच होता था। अतः वे सभी को विस्मित करते हुए छक्कू खानसामा गली में आ गये। उन्होंने किशोरगंज (वर्तमान में बंगलादेश में) में स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। अब वे केवल धोती, कुर्ता और चादर ही पहनते थे। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालय से भी अलग होकर अग्निवर्षी पत्रिका वन्देमातरम् का प्रकाशन प्रारम्भ किया।

ब्रिटिश सरकार इनके क्रान्तिकारी विचारों और कार्यों से अत्यधिक आतंकित थी अतः 2 मई 1908 को चालीस युवकों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इतिहास में इसे ह्यअलीपुर षडयन्त्र केसह्न के नाम से जानते है। उन्हें एक वर्ष तक अलीपुर जेल में कैद रखा गया। अलीपुर जेल में ही उन्हें हिन्दू धर्म एवं हिन्दू-राष्ट्र विषयक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति हुई। वे जेल में गीता पढ़ा करते और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना किया करते। ऐसा कहा जाता है कि अरविंद जब अलीपुर जेल में थे तब उन्हें साधना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। श्रीकृष्ण की प्रेरणा से वे क्रांतिकारी आंदोलन को छोड़कर योग और अध्यात्म में रम गए। जेल से बाहर आकर वे किसी भी आंदोलन में भाग लेने के इच्छुक नहीं थे। वे गुप्त रूप से पांडिचेरी चले गए। वहीं पर रहते हुए उन्होंने योग द्वारा सिद्धि प्राप्त की और आज के वैज्ञानिकों को बता दिया कि इस जगत को चलाने के लिए एक अन्य जगत और भी है। खासकर उन्होंने डार्विन जैसे जीव वैज्ञानिकों के सिद्धात से आगे चेतना के विकास की एक कहानी लिखी और समझाया कि किस तरह धरती पर जीवन का विकास हुआ। उनकी प्रमुख कृतियां हैं- द मदर, लेटर्स ऑन योगा, सावित्री, योग समन्वय, दिव्य जीवन, फ्यूचर पोयट्री।

ह्यअलीपुर षडयन्त्र केसह्न में अरविन्द को शामिल करने के लिये सरकार की ओर से जो गवाह तैयार किया था उसकी एक दिन जेल में ही हत्या कर दी गयी। घोष के पक्ष में प्रसिद्ध बैरिस्टर चितरंजन दास ने मुकदमे की पैरवी की थी। उन्होने अपने प्रबल तर्कों के आधार पर अरविन्द को सारे अभियोगों से मुक्त घोषित करा दिया। इससे सम्बन्धित अदालती फैसले 6 मई 1908 को जनता के सामने आये। 30 मई 1909 को उत्तरपाड़ा में एक संवर्धन सभा की गयी वहाँ अरविन्द का एक प्रभावशाली व्याख्यान हुआ जो इतिहास में उत्तरपाड़ा अभिभाषण के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने अपने इस अभिभाषण में धर्म एवं राष्ट्र विषयक कारावास-अनुभूति का विशद विवेचन किया। उन्होंने कहा था चाहे सरकार क्रांतिकारियों को जेल में बंद करे, फांसी दे या यातनाएं दे पर हम यह सब सहन करेंगे और यह स्वतंत्रता का आंदोलन कभी रूकेगा नहीं। एक दिन अवश्य आएगा जब अंग्रेजों को हिन्दुस्तान छोड़कर जाना होगा। यह इत्तेफाक नहीं है कि 15 अगस्त को भारत की आजादी मिली और इसी दिन उनका जन्मदिन मनाया जाता है।

अरविंद का देहांत 5 दिसंबर 1950 को हुआ। बताया जाता है कि निधन के बाद चार दिन तक उनके पार्थिव शरीर में दिव्य आभा बने रहने के कारण उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया और अंततः नौ दिसंबर को उन्हें आश्रम में समाधि दी गयी। उनकी आध्यात्मिकता एवं राष्ट्रीयता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू थे। जो भी उनकी राष्ट्रीयता की छांव में आता, देश के लिये बलिदान होने को तत्पर हो जाता है और जो भी उनकी आध्यात्मिकता की छांव में आता, विभाव स्वभाव में बदल जाता। उस आभावलय का प्रभाव ही विलक्षण एवं अनूठा था कि व्यक्ति भीतर से रू-ब-रू होने लगता। स्वयं की पहचान में उसे शब्द नहीं तलाशने पड़ते। जरूरत इस बात की है कि हम योगी अरविन्द को भौतिक चमत्कारों से तोलने का मन और माहौल न बनायें बल्कि उन्हें जीकर देखें तो सही, आचरण स्वयं चमत्कार बन जायेगा। उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें, यही उस दिव्य आत्मा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# ईवीएम है भई ईवीएम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

हाल के दिनों में, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) राजनीतिक क्षेत्र में सबसे विवादास्पद उपकरणों में से एक रही हैं। कई विवादों और संदेहों के अधीन, उन्हें अक्सर छेड़छाड़ और खराबी के आरोपों का सामना करना पड़ा है। आइए ईवीएम की दुनिया में एक व्यंग्यपूर्ण गोता लगाएँ और उनकी अवधारणा, उपयोग और उनके चारों ओर घूमने वाले षड्यंत्र के सिद्धांतों से जुड़ी बेतुकी बातों का पता लगाएं।

**ईवीएम का शरीर:**

एक बार की बात है, कुछ दूर के देश में, विलक्षण इंजीनियरों का एक समूह एक ऐसी मतदान प्रणाली तैयार करने के लिए एकत्र हुआ जो न केवल कुशल होगी बल्कि व्यापक भ्रम और विवाद पैदा करने में भी सक्षम होगी। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, उर्फ ईवीएम, का जन्म हुआ, जो आने वाले वर्षों के लिए राजनीतिक बहस की मशाल बन गई।

ईवीएम को रुबिक क्यूब जैसा डिजाइन किया गया था। इंजीनियरों का मानना था कि यदि कोई रूबिक क्यूब को हल कर सकता है, तो उसके पास एक जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए आवश्यक बुद्धि होनी चाहिए। दुर्भाग्य से, यह तर्क उतना विश्वसनीय नहीं था जितना शुरू में अनुमान लगाया गया था। नागरिक, जो घन का चित या पट नहीं बना सके, चुनावी प्रक्रिया से और अधिक निराश हो गए।

शिकायतों से निपटने के लिए सरकार ने एक ईवीएम सपोर्ट हेल्पलाइन नियुक्त की। अफसोस, हेल्पलाइन काफी अनुपयोगी साबित हुई। कॉल करने वालों ने लगातार पृष्ठभूमि संगीत का अनुभव करने की सूचना दी, जिसमें मोजार्ट की सिम्फनी से लेकर यादृच्छिक बॉलीवुड गाने तक शामिल थे, जिससे मतदाता वास्तव में लोकतंत्र की पवित्रता के बारे में हैरान हो गए।

जल्द ही षड्यंत्र के सिद्धांत सामने आए, जिससे पता चला कि ईवीएम को विभिन्न पार्टियों के लिए विशिष्ट धुनें बजाने के लिए प्रोग्राम किया गया था। यदि आपने बीथोवेन की नाइंथ सुनी, तो आपने निश्चित रूप से रूढ़िवादी उम्मीदवारों को वोट दिया, जबकि एबीबीए की 'डांसिंग क्वीन' ने एक उदारवादी पार्टी के लिए वोट की गारंटी दी। गुप्त कोड शब्दों की अफवाहें सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से फैल गईं, जैसे दावों के साथ, "उम्मीदवार 'एक्स' के लिए वोट करें और अपनी मशीन पर रानी की 'वी विल रॉक यू' सुनें।"

जैसे ही ये आधारहीन अफवाहें फैलीं, ईवीएम विकास एजेंसी (ईवीएमडीए) ने खुद को अनिश्चित स्थिति में पाया। उन्होंने इन साजिश सिद्धांतों का मुकाबला एक अचूक समाधान के साथ करने का निर्णय लिया: सिरी और एलेक्सा के समान, ईवीएम में एक व्यक्तिगत आवाज सहायक को शामिल करना।

वॉयस असिस्टेंट की शुरूआत ने पूरे मतदान अनुभव में विलक्षणता की एक और परत जोड़ दी। प्रारंभ में, वॉयस असिस्टेंट ने तटस्थता बनाए रखते हुए और निष्पक्ष मतदान सलाह देते हुए त्रुटिहीन तरीके से काम किया। हालाँकि, जल्द ही इसकी अपनी विशिष्टताएँ विकसित हो गईं। मतदाता तब चौंक गए जब वॉयस असिस्टेंट ने उन्हें "महामहिम" के रूप में संदर्भित करना शुरू कर दिया और अनचाहे रिश्ते संबंधी सलाह देना शुरू कर दिया। नागरिक पूरी तरह से हैरान रह गए, सोच रहे थे कि क्या उनकी मतदान प्राथमिकताएँ और रिश्ते की स्थिति किसी तरह आपस में जुड़ी हुई हैं। हास्यप्रद विसंगतियाँ यहीं समाप्त नहीं हुईं। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों को बढ़ावा देने के लिए बेतुके हथकंडे अपना रहे हैं। अपने अभियान भाषणों में तकनीकी शब्दजाल का छिड़काव करते हुए, उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिद्वंद्वी समय और स्थान को हैक करने में सक्षम "क्वांटम ईवीएम" का उपयोग कर रहे थे, जिससे जादुई रूप से उनके पक्ष में वोट बढ़ रहे थे। इस तरह के दावों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर मीम्स और पैरोडी के साथ-साथ जनता की ओर से सामूहिक रूप से सराहा गया। इस उथल-पुथल के बीच, ईवीएम को अपने सर्किट में एक दुर्भाग्यपूर्ण बीमारी फैलती हुई मिली। उनमें एडवांस्ड इलेक्शन फीवर (एईएफ) का पता चला, जिसके कारण मतदान के दौरान अप्रत्याशित व्यवहार हुआ। एल्मो, मिकी माउस और यहां तक कि वोल्डेमॉर्ट जैसे काल्पनिक पात्रों को वोट दिए जा रहे थे। ऐसा लग रहा था जैसे मशीनों ने कार्यभार संभाल लिया है और सबसे बेतुके तरीके से लोकतंत्र का मजाक उड़ा रही हैं। कॉमेडी की संभावनाओं से भरपूर, टीवी शो ईवीएम पर केंद्रित एपिसोड प्रसारित करने लगे। एक लोकप्रिय सिटकॉम, जिसका शीर्षक "द ईवीएम डायरीज" है, ने प्रफुल्लित करने वाले परिदृश्यों को चित्रित किया है, जहां पात्र एक ईवीएम मरम्मत की दुकान पर जाते हैं, और उन वोटों को पुनः प्राप्त करने की सख्त कोशिश करते हैं जिनके बारे में उनका मानना है कि वे आभासी दायरे में खो गए थे। प्रत्येक एपिसोड एक जंगली हंस के पीछा करने की तरह खेला गया, जो पूरी मतदान प्रक्रिया के आसपास की हास्यास्पदता को प्रदर्शित करता है।

# डीएम-सीडीओ ने बच्चियों से फीता कटवा किया शुभारम्भ

## डीएम-सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय में देखा स्वास्थ्य मेला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समसामयिक स्वास्थ्य गोष्ठी व स्वास्थ्य मेला का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानिकपुर में फीता काटकर शुभारंभ किया।

सोमवार को डीएम-सीडीओ ने मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छता, पोषण पर निबंध में प्रथम व द्वितीय, तृतीय पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा रुकसाना व लक्ष्मी से स्मार्ट क्लास का फीता काटकर शुभारंभ कराया। डीएम-सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी



बच्चों को पुरस्कार देते डीएम-सीडीओ।

बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। कंप्यूटर शिक्षक से छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कराने के निर्देश दिए। छात्राओं से कंप्यूटर बाबत जानकारी ली। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिए कि पठन-पाठन की व्यवस्था में सुधार करें। बार्डेन को हिदायत दी कि सुधार किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। शौचालय ठीक कराने, छात्राओं के छात्रावास निरीक्षण दौरान खिड़की में पर्दे लगाने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। डीएम-सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग से बालिकाओं के नेत्र परीक्षण को देखा। छात्र-छात्राओं की पेंटिंग भी देखी।

इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने डीएम-सीडीओ का स्वागत कर कहा कि उनकी प्रेरणा से ये कार्यक्रम हो रहा है, ताकि छात्राओं का बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण हो सके। जिले के चारों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ये कैंप लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में एसडीएम मानिकपुर राम जन्म यादव, बीएसए लव प्रकाश यादव, बीडीओ मानिकपुर मिथिलेश कुमार, मोबियस फाउंडेशन की श्रीमती पूनम परिहार, वार्डन नीति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर के चार आरोपियों को हुई पांच-पांच वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने के पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या व पैरोकार धनेश मिश्रा ने गैंगेस्टर एक्ट के चार आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रुपये के जुमार्ना से न्यायालय से दंडित कराया।

सोमवार को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय ने पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने गैगेस्टर एक्ट के आरोपी नत्थू पुत्र पूनी कुम्हार, मनीष पुत्र अमृत लाल कोल, राजेन्द्र कोल पुत्र भुलई कोल निवासी हरदीकला थाना बरगढ़ व तुलसीदास दुबे पुत्र शंकरलाल निवासी ललई को पांच-पांच वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 नवम्बर 2010 को तत्कालीन थानाध्यक्ष बरगढ़ चिरन्जीव मोहन ने थाने में शंकर उर्फ विनोद उर्फ अद्धा पुत्र शिवप्रसाद निवासी बोझ फार्म, नत्थू, मनीष, राजेन्द्र कोल, तुलसीदास के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने मामले की विवेचना कर 14 नवम्बर 2011 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। विचारण दौरान एक आरोपी शंकर उर्फ विनोद उर्फ अद्धा की मृत्यु हो गयी थी।

# मराठा इमारतः किसके आदेश पर की गई ध्वस्त, मांगी सूचनायें, पांच दिन में दें सूचनायें: सुशील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव नेता ने जनसूचना अधिकार के तहत नगर पालिका के जनसूचना अधिकारी/ईओ से मराठा कालीन पुरानी कोतवाली/तहसील बाबत जनसूचना अधिकार के तहत लोक हित में सूचना मांगी है। उन्होंने कहा है कि पुरानी बाजार कर्वी स्थित पुरानी कोतवाली/तहसील नाम से नजूल भूमि गाटा संख्या 610/611 में पांच सौ वर्ष पुरानी मराठा कालीन दो/तीन मंजिल विशाल इमारत को किसके आदेश से ध्वस्त किया जा रहा है। पांच वर्ष पहले आधा एकड में ऐतिहासिक इमारत बनी है। उप्र शासन/ जिलाधिकारी/नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदार अधिकारी आदि किसके आदेश पर गिराना शुरू किया है, आदेश की प्रति दें। मराठा कालीन इमारत के ध्वस्त मलबे का आंकलन किस तकनीकी अधिकारी की आख्या पर हुआ है। आख्या आंकलन व इमारत ध्वस्त करने वालों ठेकेदार को दिये कायार्देश दें। इमारत नजूल भूमि 610/611 का स्वामित्व प्राप्त किया है या नहीं, स्वामित्व अभिलेखों की प्रति दें। इमारत गिराने को पालिका बोर्ड सदन के समक्ष प्रस्ताव पास है, तो प्रति दें।

उन्होंने कहा कि इमारत गिराने को निर्गत कायार्देश की पत्रावली की आख्या की प्रति दें। इमारत गिराने को तकरीबन 9.50 लाख के कायार्देश के टेंडर/कोटेशन की प्रति दें। इमारत के अन्दर मैदान में 2002 में प्राधिकरण से बनाई इमारत जिला प्रशासन को हैंडओवर हुई थी, जिसमें जज आवास थे- किस सक्षम अधिकारी के आदेश से गिराने की प्रक्रिया शुरू की गई। वांछित सूचना 2005 सूचना अधिकार अधिनियम धारा 6(3) के तहत पांच दिन के अन्दर आवेदक को दी जायें। वांछित सूचना न मिलने पर आवेदक हजार्ना पाने का अधिकारी है।


पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

## आन्दोलन के भय से लागू हुई धारा 144: पूर्व सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मराठा कालीन इमारत पर अवैध ढंग से कब्जाधारक लोगों ने इमारत परिसर में सोमवार को कुर्सियां लगाकर बैठक करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी लोगों के नाम-पते लिखने का प्रयास किया। कोतवाल ने अवैध कब्जाधारकों से बैठक करने बाबत कहा कि जिले में धारा 144 लागू है। ऐसे में खुलेतौर पर वे यहां बैठक नहीं कर सकते। एसडीएम का हवाला देते हुए कोतवाल ने उन्हें बैठक करने के स्थान से हटवा दिया। इसी क्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि पुरानी बाजार स्थित राष्ट्रीय धरोहर व भरतकूप थाने के बीरा गांव के पंकज मिश्रा के भतीजे की सडक हादसे में मौत मामले में कहीं जनता आन्दोलित न हो जाये, इसके मद्देनजर जिले में धारा 144 प्रशासन ने लागू की है।

## मराठा इमारत के अवैध कब्जाधारक दो शिक्षकों का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप के प्रधानाध्यापक/विद्यानगर कवीर्माफी के गया प्रसाद बौद्ध ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि 13 मार्च 2023 को एसडीएम के पत्र छह फरवरी 2023 के क्रम में मराठा कालीन पुरानी कोतवाली भवन परिसर में अवैध कब्जा बाबत संदर्भ का उल्लेख करते हुए कोतवाली परिसर को 2013 में खाली कर विभाग को सूचित करने का पत्र दे चुके हैं।

इसके बाद भी मार्च 2023 से दो अनुसूचित जाति के लोगों का वेतन नहीं दिया जा रहा। सोमवार को कवीर्माफी विद्यानगर के गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि शहरी नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ के पत्र 28 जनवरी 2003 के तहत डा अम्बेडकर पार्क/ वाचनालय/पुस्तकालय निर्माण को पुरानी कोतवाली के सामने नजूल भूमि 610 मे 1054 वर्ग मीटर भूमि दी गई थी, पुरानी कोतवाली कर्वी में बौद्ध भिक्षु-बुद्ध विहार बनाकर बुद्ध वन्दना करते थे व रात्रि विश्राम करते थे। प्रशासन ने 21 मई 2023 को पूर्ण रूप से हटा दिया है। अनुसूचित जाति के दो लोगों का मार्च 23 से वेतन अवरुद्ध है। उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवमंगल पुरवा के सहायक अध्यापक निरंजन कुमार व गयाप्रसाद बौद्ध प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप का वेतन अवरुद्ध है, जबकि अन्य सामान्य वर्ग के शिक्षक-शिक्षिकायें भी वहां रहते थे। तहसीलदार कर्वी व खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट को आख्या दे चुके हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने वेतन देने बाबत कोई कार्यवाही नहीं की है। अथार्भाव में बच्चों की पढाई बाधित हो रही है। मांग किया कि मार्च 23 का वेतन दोनों शिक्षकों का भुगतान करने का आदेश बीएसए को दिया जाये। एडीएम ने वेतन रोकने का आदेश दिया था।

**शिक्षकों ने वेतन देने की अब लगाई गुहार**

# हर हाल में शाखा प्रबंधक करायें ई-केवाईसी: अग्रणी शाखा प्रबंधक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अग्रणी जिला प्रबंधक तुलसीराम ने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर कोई भी ग्राहक ई-केवाईसी के कार्य से बैंक शाखा आता है तो उसका कार्य प्राथमिकता से करें।

सोमवार को अग्रणी जिला प्रबंधक तुलसीराम ने बताया कि शाखा प्रबंधक ये तय करें कि ई-केवाईसी के कार्य बाबत कोई बैंक शाखा में आता है तो उसे वापस न किया जाये। ई-केवाईसी न होने से संबंधित ग्राहक की शिकायत न होने पाये। अन्यथा शाखा प्रबंधक को जिलाधिकारी के समक्ष हाजिर होकर स्पष्टीकरण हर हाल में देना होगा।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की शासकीय योजनाओं का लाभ उन्हीं लाभार्थी को मिलता है, जिनके खाते में ई-केवाईसी होता है। सभी शाखा प्रबंधकों को चेताया कि शाखा में आये ग्राहकों का ई-केवाईसी हर हाल में करवायें।


अग्रणी बैंक प्रबंधक तुलसीराम।

## आठ को होगी रबी उत्पादकता गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि जिले में कृषि उत्पादन आयुक्त उप्र शासन की अध्यक्षता में मंडल कानपुर, झांसी व चित्रकूटधाम मंडल बांदा की मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी आठ दिसंबर को सवेरे साढे दस बजे से राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में होगी। मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में कृषि एवं अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार को संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभागों के स्टाल/ प्रदर्शनी भी लगायेंगे।

# मन्दाकिनी में खुलेआम गिर रहा सीवर का पानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जीवन दायनी मंदाकिनी नदी में खुलेआम सीवर का गंदा पानी गिर रहा है। जिम्मेदार राजनेता व अधिकारियों को ये नजर नहीं आ रहा। इसी गंदे पानी से जिला मुख्यालय समेत आसपास के इलाको में पेयजल आपूर्ति होती है। इससे भयानक संक्रामक रोग फैलने के आसार हैं।

सोमवार को मन्दाकिनी नदी में तीर्थक्षेत्र के कई शौचालयों का गन्दा पानी मन्दाकिनी नदी में गिराया जा रहा है। मन्दाकिनी नदी में गिराये जा रहे सीवर के पानी को रोकने के कोई उपाय नहीं किये जा रहे। यही नदी का पानी जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में पेयजल को आपूर्ति किया जा रहा है। गन्दे पानी के आपूर्ति होने से कभी भी लोग भयानक संक्रामक रोगों की चपेट में आ सकते हैं। समय रहते जिला प्रशासन ने मन्दाकिनी में गिर रहे सीवर के गन्दे पानी को न रोका तो कभी भी जिला मुख्यालय समेत आसपास के लोग आन्दोलित हो सकते हैं।


नदी में गिरता सीवर का पानी।

# मऊ-मानिकपुर के बडे विलेखों का डीएम ने किया सत्यापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील मऊ के कोल मजरा गांव में अक्टूबर में पंजीकृत विलेखों में सबसे बड़ी मालियत के दो विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया। सोमवार को जिलाधिकारी ने क्रेता सरोज सिंह व विक्रेता जनार्दन पांडेय, विद्या शंकर पांडेय के लेख पत्र 4668 व 4681 का मौके पर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपनिबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि विलेखों के बैनामा में लगे स्टांप का परीक्षण कर लें, कोई कमी हो तो संबंधित पर कार्यवाही करायें। निरीक्षण दौरान एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, उप निबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव, हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील मानिकपुर के सरहट में अक्टूबर में पंजीकृत विलेखों में सबसे बड़ी मालियत के दो विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया। क्रेता अभिलाष गुप्ता, विक्रेता संदीप कुमार अग्रवाल के लेख पत्र संख्या 3902 का मौके पर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम से कहा कि विलेख के बैनामा में लगे स्टांप का परीक्षण कराकर आख्या पेश करें। इस दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मानिकपुर राम जन्म यादव, हल्का लेखपाल भानु प्रकाश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


विलेखों का सत्यापन करते डीएम।

## दलित पर जानलेवा हमला के आरोपी को हुई सात वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनन्द कुमार की पैरवी व अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट दीपनारायण तिवारी ने आरोपी को सात वर्ष की सजा व सात हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

सोमवार को मऊ थाने में दर्ज घर में घुसकर गाली-गलौज कर जानलेवा हमले के आरोपी राजेश सिंह उर्फ करन पटेल सिंह पुत्र हुबलाल सिंह उर्फ झुण्डा निवासी टिकरा को न्यायालय ने सात वर्ष की सजा व सात हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 14 मई 2015 को राममिलन पुत्र भइयालाल निवासी टिकुरा ने मऊ थाने में सूचना दी कि राजेश सिंह ने घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर गाली-गलौज कर पिता भइयालाल को जान से मारने की गरज से पेट में चाकू घोंप दिया है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर राजेश सिंह उर्फ करन पटेल सिंह के खिलाफ सीओ मऊ अजय कुमार कुलश्रेष्ठ ने विवेचना कर पांच जून 20215 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## चित्रकूट में स्कूली बच्चों के लिए खास बन गई 'जल ज्ञान यात्रा'

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्री राम की कर्मभूमि चित्रकूट में सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए बुधवार का दिन काफी खास रहा। छात्रों ने पानी की कीमत समझने के साथ ही जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना की उपयोगिता भी जानी। गांव-गांव तक पहुंच रहे स्वच्छ पेयजल से ग्रामीणों को मिल रहे लाभ की जानकारी पाकर स्कूली बच्चे काफी खुश दिखे। छात्रों को परियोजनाओं का भ्रमण करने के साथ जल गुणवत्ता की जांच भी करके दिखाई गई। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल जल ज्ञान यात्रा को एडीएम नमामि गंगे एस. सुधाकरण और सीडीओ अमृत पाल कौर ने कलेक्ट्रेट ऑफिस से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जल ज्ञान यात्रा में चित्रकूट के सरकारी स्कूलों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले डब्ल्यूटीपी अतरसुई ले जाया गया। जहां उन्हें जल शोधन की प्रक्रिया, महत्ता और उपयोगिता बताई गई। सिलौटा पाइप पेयजल परियोजना पहुंचे स्कूली बच्चों ने गांवों के घर-घर तक पहुंचाई जा रही पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया देखी। इसके बाद बच्चों को ओवर हैड टैंक और सीडब्ल्यूआर भी दिखाया गया। उनको बताया गया कि डब्ल्यूटीपी से सीडब्ल्यूआर या ओएचटी पर पानी भेजा जाता है, जिसके बाद पाइप लाइनों के माध्यम से पानी की सप्लाई को ग्रामीणों के घर-घर तक पहुंचाया जाता है। स्कूली बच्चों को फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षित महिलाओं ने जल गुणवत्ता की 11 तरह की जांच करके दिखाई।

# मारकुण्डी में महिला की अंधी हत्या पुलिस ने खोली, पति ही निकला पत्नी का कातिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में एसआईटी टीम ने मारकुण्डी क्षेत्र के डांडी अहिरान खेत में हुयी महिला की हत्या का खुलासा कर एक आरोपी दबोचा है।

ज्ञात है कि सात अगस्त 2023 को धीरज यादव पुत्र राजा यादव निवासी डांडी अहिरान थाना मारकुण्डी ने थाने में सूचना दी कि खजांची पंडित के खेत में छेरिहा खुर्द में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मां प्रेमा यादव की पहनी साड़ी से गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला उचित धाराओं में दर्जकर विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने शुरू की। पुलिस अधीक्षक ने अपराध की गंभीरता के मद्देजनर विवेचना एसआईटी के सुपुर्द की।

विवेचना से प्रकाश में आये राजा यादव पुत्र शम्भू यादव निवासी कल्याणपुर थाना मानिकपुर हाल मुकाम डांडी अहिरान को गिरफ्तार किया। दबोचे राजा यादव ने बताया कि मृतका प्रेमा की शादी पहले उसके चचेरे भाई छंगू यादव से हुयी थी, उसकी एक बेटी किशोरी है, उसकी भी शादी हो चुकी है। पति की मृत्यु बाद प्रेमा बतौर पत्नी उसके साथ रहने लगी थी। उससे पुत्र धीरज हुआ, जो 19 वर्ष का है। मृतका के पहले पति छंगू के नाम आठ बीघा जमीन थी। उस जमीन को मृतका बेटी को देना चाहती थी, उसका वह विरोध करता था। कई बार प्रेमा से उस जमीन पर बेटे धीरज को भी हिस्सा देने को कहा, वह मना कर देती थी। इसी बात को लेकर प्रेमा उससे दूरी बना कर दूसरे गांव डांडी अहिरान में रहने लगी थी, वह कल्याणपुर में रहता था। जमीन को हाथ से जाता देख वह विचलित रहता था। दिन-प्रतिदिन प्रेमा के प्रति नफरत बढ़ती गयी। प्रेमा को रास्ते से हटाने की ठान ली थी। घटना वाले दिन पता चता कि प्रेमा की भैंस गुम हो गयी है, वह उसे ढूंढने गयी तो वह भी भैंस ढूढ़ने के बहाने निकला। प्रेमा डांडी अहिरान गांव बस्ती से डेढ़ किमी दूर खजांची द्विवेदी के खेत मेड़ पर सुनसान स्थान पर बारिश से भीगी अकेली मिली, मौका मिलते ही साड़ी से फंदा बनाकर हत्या कर भाग गया था। टीम में निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह, दरोगा मनीष कुमार, वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दरोगा प्रभाकर सचान, दीवान प्रदीप कुमार द्विवेदी, सिपाही ज्ञानेश मिश्रा, वेदांत पाण्डेय, रामकेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार, संतोष आदि शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में पत्नी का हत्यारोपी।

## पाकिस्तान में आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों को मौत के घाट उतारा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र में शनिवार को आतंकियों ने एक यात्री बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर नौ लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस हमले में 26 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार गिलगित से रावलपिंडी जा रही बस पर शाम 6:30 बजे चिलास के पास हमला हुआ।

डॉन के अनुसार हमले के बाद चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। चिलास के पुलिस उपायुक्त आरिफ अहमद के हवाले से अखबार ने कहा कि पांच मृतकों की पहचान हो गई है। मृतकों में दो सैनिक भी हैं। घायलों में विशेष सुरक्षा इकाई का एक जवान भी शामिल है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है।

## गाजा के राफा में इजरायल की एयर स्ट्राइक, एक दर्जन से अधिक की मौत; मलबे के नीचे दबे मासूम

**गाजा।** इजरायल-हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बार फिर युद्ध शुरू हो गया है। इजरायली सेना की कार्रवाई से गाजा में इमारतें खंडहर में तबदील हो गई है। हालात ये है कि लोग अब मलबों के नीचे दबे अपनों शवों को तलाश रहे है।

**बहुमंजिला इमारत को बनाया निशाना**

समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, गाजा के राफा में इजरायली सेना सोमवार सुबह हमला किया था। इस हमले में एक बहुमंजिला इमारत तबाह हो गई। इस बिल्डिंग में मौजूद बच्चे मलबे में दब गए। जिन्हें निकालने के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।


**इजरायल के हमले में एक दर्जन लोग मारे गए**

हालांकि, कड़ी मशक्कत के बाद कई बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। समाचार एजेंसी रायटर को स्थानीय लोगों ने बताया कि इजरायल के हमले में एक दर्जन से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इमारत के मलबे के नीचे कई मृतक अभी भी दबे हुए हैं।

**गाजा में मारे गए 15 हजार से अधिक लोग**

बता दें कि राफा क्षेत्र मिस्त्र सीमा के काफी करीब है। इस बीच इजरायल ने नागरिकों से गाजा के अन्य हिस्सों से दक्षिण की ओर जाने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल-हमास के बीच 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू हुआ था। हमास के हमले में इजरायल में 1,200 लोग मारे गए थे। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल के हमले में गाजा में 15,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।

## 'हमारे पैसे खत्म हो गए', रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए यूक्रेन को मदद करने से अमेरिका ने किया इंकार, बताई ये वजह



**वाशिंगटन।** यूक्रेन-रूस युद्ध को लगभग दो साल होने वाले हैं। इस भयानक युद्ध में हजारों मौतें और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, इस बीच अमेरिका ने रूस के खिलाफ जंग लड़ने के लिए यूक्रेन की हर तरह से मदद की है। मगर, सोमवार को अमेरिका ने ताजा बयान में यूक्रेन की पीठ से अपना हाथ खींच लिया है। व्हाइट हाउस ने बयान जारी करके कहा है कि उसके पास यूक्रेन को रूस खिलाफ जंग लड़ने में मदद करने के लिए पैसे खत्म हो गए हैं।

व्हाइट हाउस की बजट निदेशक शलांडा यंग ने सोमवार को इस बारे में रिपब्लिकन हाउस के अध्यक्ष माइक जॉनसन और अन्य कांग्रेस नेताओं को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में चेतावनी दी गई है कि यूक्रेन को रूस के साथ युद्ध लड़ने में मदद करने के लिए अमेरिका के पास समय और धन की कमी हो रही है।

**बाडेइन प्रशासन ने संसद से 106 बिलियन डॉलर मांगें**

दरअसल, इसी साल अक्टूबर में राष्ट्रपति जो बाडेइन प्रशासन ने यूक्रेन, इजरायल और अमेरिकी बॉर्डर की सुरक्षा के लिए देश की संसद से लगभग 106 बिलियन डॉलर की मांग की थी। अमेरिका में यूक्रेन को युद्ध में फंडिंग देने का मामला जनीतिक रूप से विवादास्पद हो गया है।

**हथियारों की सप्लाई रोकने से रूस जंग जीत सकता है- अमेरिका**

शलांडा यंग ने व्हाइट हाउस की तरफ से पत्र जारी करके कहा है कि यूक्रेन की फंडिंग और हथियारों की सप्लाई रोकने से रूस यह जंग जीत सकता है। उन्होंने लिखा, "मैं स्पष्ट तौर से बताना चाहती हूं कि इस साल के अंत तक यूक्रेन को देने के लिए हमारे पास पैसे और हथियारों से भरे संसाधन खत्म हो जाएंगे।

# चीनी राजदूत की आपत्ति के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा- टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध पर पुनर्विचार होगा





काठमांडू

नेपाल सरकार द्वारा चीनी एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने पर नेपाल स्थित चीन के राजदूत ने आपत्ति जताई है। जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा कि टिकटॉक पर लगे प्रतिबन्ध पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड से काठमांडू स्थित चीन के राजदूत छन् सोंग ने मुलाकात कर टिकटॉक एप पर नेपाल सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबन्ध पर अपनी आपत्ति दर्ज की थी। नेपाल की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीनी राजदूत ने प्रधानमंत्री प्रचण्ड पर भूराजनीतिक दबाब में टिकटॉक पर प्रतिबन्ध लगाए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

हालांकि प्रधानमंत्री ने टिकटॉक पर प्रतिबन्ध लगाने के पीछे किसी तीसरे देश का दबाब या भूराजनीतिक कारणों से इनकार किया है। आज अपने निवास पर विभिन्न मीडिया के सम्पादकों से बातचीत में खुद प्रधानमंत्री ने इसका खुलासा भी किया। प्रचण्ड ने कहा है कि बाहर में जिस तरह से किसी अन्य के दबाव में टिकटॉक पर प्रतिबन्ध लगाए जाने को लेकर भ्रम फैलाया गया उसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की सामाजिक, पारिवारिक मूल्य मान्यताओं पर नकारात्मक असर पडने की वजह से इस पर प्रतिबन्ध लगाया गया था।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि टिकटॉक पर हमेशा के लिए प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि टिकटॉक पर लगे प्रबन्ध को लेकर पुनर्विचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार का उद्देश्य टिकटॉक को नियमन करने का है। साथ ही उनका यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य अन्य किसी भी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध करने का नहीं है।


## नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर की तैयारी




**काठमांडू।** नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली खरीद का समझौता होने जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के 4 जनवरी से हो रहे नेपाल भ्रमण के दौरान यह समझौता किया जाएगा।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने आज सम्पादकों के साथ बातचीत में इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह समझौता नेपाल के आर्थिक गति के लिए एक बडा गेमचेंजर साबित होने वाला है। सम्पादकों से बातचीत में प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि उनके भारत भ्रमण के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद इसकी घोषणा की थी। और अगले महीने भारतीय विदेश मंत्री के भ्रमण के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर होने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समझौते के बाद नेपाल के जलविद्युत क्षेत्र में ना सिर्फ अधिक निवेश की संभावना बढेगी बल्कि नेपाल में आर्थिक क्रान्ति आएगी।नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने संबंधी प्रस्ताव को भारत ते कैबिनेट ने भी पारित कर दिया है। इस समय भारत से प्रतिदिन सिर्फ 500-600 मेगावाट बिजली की खरीद बिक्री हो रही है। नेपाल में अगले वर्ष तैयार होने वाले कुछ बडे. जलविद्युत परियोजना के बाद यह आंकड़ा 2000 मेगावाट के पार हो जाएगा। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने यह भी कहा कि भारतीय विदेश मंत्री के नेपाल भ्रमण के दौरान पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना समझौते पर भी हस्ताक्षर होने जा रहा है। इस जलविद्युत परियोजना की क्षमता 6480 मेगावाट है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 11 पर्वतारोहियों की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा में मरापी ज्वालामुखी फटने से कम से कम 11 पर्वतारोहियों की जान चली गई। इस दौरान 12 अन्य लापता हो गए। यह जानकारी अल जजीरा ने खोज एवं बचाव दल के प्रवक्ता जोडी हरयावन के हवाले से दी है।

अल जजीरा के अनुसार सोमवार को 11 पर्वतारोहियों के शवों के साथ तीन जीवित बचे लोग भी पाए गए। विस्फोट के समय क्षेत्र में 75 लोग थे। रविवार को 2,891 मीटर (9,485 फीट) ऊंचा ज्वालामुखी फटा था।

मरापी सुमात्रा द्वीप पर सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक है। इसका सबसे घातक विस्फोट अप्रैल 1979 में हुआ था। तब 60 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल, यह जनवरी और फरवरी के बीच फटा था। ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी के अनुसार, इंडोनेशिया प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है और यहां 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

## फिलीपींस के विश्वविद्यालय के प्रार्थना सभा में बम विस्फोट में चार की मौत, 50 घायल

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत लानाओ डेल सुर के मरावी शहर स्थित विश्वविद्यालय में रविवार सुबह प्रार्थना सभा के दौरान हुए बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने ली है। हमले के बाद फिलीपींस की सेना और पुलिस हाई अलर्ट पर है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने हमले की निंदा की।

पुलिस ने बताया कि विश्वविद्यालय में रविवार सुबह छात्र और शिक्षक प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए थे और तकरीबन सुबह सात बजे धमाका हो गया। हमले में तीन महिलाएं और एक पुरुष की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि अब तक महज दो मृतकों की ही पहचान हो सकी है।

हमले के बाद सेना के जवानों और पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर शहर के चारों ओर सुरक्षा चौकियां भी स्थापित कर दी गई हैं। देर रात आईएस समूह ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए टेलीग्राम पर लिखा कि उसके सदस्यों ने सभा में बम विस्फोट किया था।

## यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के डिप्टी कमांडर की मौत, अब तक मारे गए रूस के 12 वरिष्ठ अधिकारी



**रायटर, मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग जल्द खत्म होती नहीं दिख रही है। दोनों ओर से जवाबी हमले जारी हैं। इस बीच, यूक्रेन में रूस के 14वीं आर्मी कोर के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की (श्ल्ेि ेश्िह्य८) के मारे जाने की खबर है। सोमवार को रूस ने इसकी पुष्टि की है।

टैंक कमांडर भी रहे हैं जावादस्की

रूस के वोरोनेज रीजन के गवर्नर अलेक्जेंद्र गुसेव ने बिना विस्तार से जानकारी दिए बताया कि मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की की मौत हो गई है। इसे गवर्नर ने भारी क्षति बताया। वह एक अनुशासित अधिकारी थे, जो टैंक कमांडर भी रहे हैं।

दूसरे वर्ष के अंत तक पहुंचा यूक्रेन युद्ध

यूक्रेन युद्ध दूसरे वर्ष के अंत में पहुंच गया है, जिसे रूस विशेष सैन्य अभियान नाम देता है। खोजी न्यूज आउटलेट आइस्टोरीज के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से जावादस्की सातवें मेजर जनरल हैं, जिसकी रूस ने पुष्टि की है। कुल मिलाकर युद्ध शुरू होने के बाद से 12 वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हुई है। सैन्य विश्लेषक इसे यूक्रेन की सफलता के रूप में देखते हैं।

रूस के 18 ड्रोन व एक क्रूज मिसाइल को मार गिरायाः यूक्रेन

यूक्रेनी एयर फोर्स ने सोमवार को कहा कि रात में रूस की ओर से 23 ड्रोन व एक क्रूज मिसाइल दागी गई। दावा किया कि इसमें से 18 ड्रोन व मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। टेलीग्राम एप पर कहा कि नौ रीजन में एंटी-एयरक्राफ्ट डिफेंस तैनात है। हालांकि, इस बाबत एयर डिफेंस ने विस्तार से नहीं बताया।

कांग्रेस जल्द मंजूर करे यूक्रेन के लिए मदद राशिः बाइडन प्रशासन

बाइडन प्रशासन ने सोमवार को अत्यावश्यक चेतावनी के नोट के साथ यूक्रेन की सैन्य व आर्थिक मदद के लिए 10 अरब डॉलर की राशि मंजूर करने के लिए कांग्रेस को पत्र भेजा है। कहा कि इससे यूक्रेन को रूसी आक्रमण से सुरक्षा में मदद मिलेगी। प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नेताओं को भेजे पत्र व जारी बयान में कहा गया है कि यह मदद वर्ष के अंत से पहले यूक्रेन तक पहुंचनी जरूरी है।

# इजराइल ने गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण में झोंकी ताकत, नागरिकों को चेताया-खाली करो खान यूनिस



**गाजा।** गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध आज (सोमवार) 59वें दिन और भयावह हो गया। इजराइल ने रणनीति में अचानक बदलाव करते हुए फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ जमीनी हमले तेज कर दिए। थल सेना बख्तरबंद गाड़ियों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी शिन बेट ने कहा है कि लेबनान, तुर्की और कतर में भी छुपे हमास के आतंकवादियों की खैर नहीं। इजराइल ने नागरिकों को फौरन खान यूनिस शहर को खाली करने की चेतावनी दी है।

प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने आतंरिक सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी संभालने वाली इंटेलिजेंस एजेंसी शिन बेट और इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार के अनुसार आईडीएफ ने दक्षिणी गाजा में जमीनी अभियान तेज कर दिया है। आईडीएफ ने हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाने की कसम खाई है। इस बीच लेबनान से इजरायल पर दागी गई मिसाइलों में आईडीएफ के दो और सैनिकों की जान चली गई।

आईडीएफ ने कहा है कि अब दक्षिणी गाजा में हमास के एक भी आतंकी को जिंदा नहीं छोड़ा जाएगा। आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा है कि इस लड़ाई में हमास के बटालियन कमांडरों, कंपनी कमांडरों और उसके कई गुर्गों को ढेर कर दिया गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस संबंध में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी से तनाव कम करने के प्रयासों पर चर्चा की है। उधर, भारी बमबारी के बीच आईडीएफ ने रविवार को आदेश जारी किया कि गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस के आसपास के इलाकों को खाली करना होगा, क्योंकि यहां हमास के कई बड़े कमांडर छुपे हैं। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा पट्टी में 800 से अधिक सुरंगों को नष्ट कर दिया गया है। इन सुरंगों के अंदर हथियार मिले हैं।

इस्लामाबाद। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (ठअइ) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) के अध्यक्ष परवेज इलाही और उनके बेटे मूनिस इलाही के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पाकिस्तान स्थित जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया गया है, जिससे राष्ट्रीय खजाने को 1 अरब पाकिस्तानी रुपये (ढङ्फ) से अधिक का नुकसान पहुंचा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एनएबी ने परवेज इलाही, मूनिस इलाही और अन्य पर अवैध रूप से 116 विकास योजनाओं को मंजूरी देने और रिश्वत प्राप्त करने का आरोप लगाया है।

**रिश्वत लेने का लगा आरोप**

भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने इलाही और उनके बेटे पर अपने 'पसंदीदा ठेकेदारों' को ठेके देकर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने यह भी कहा कि इलाही ने रिश्वत में 744.5 मिलियन पीकेआर से अधिक का गबन भी किया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।